


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 114

ग्वालियर, सोमवार, 14 जून, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





जी-7 इंडिया का वैक्सीन एजेंडा

# मोदी ने कहा- कोरोना वैक्सीन को पेटेंट फ्री किया जाए

## सभी देशों तक वैक्सीन पहुंचाने के लिए भी सहयोग मांगा

लंदन, एजेंसी ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जी-7 शिखर सम्मेलन के एक सत्र को डिजिटल माध्ड़यम से संबोधित किया। विदेश मंत्रालय ने इस बारे में विस्ड़तार से जानकारी देते हुए बताया कि पीएम मोदी ने खुले और लोकतांत्रिक समाजों को एकजुट होकर काम करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने लोकतांत्रिक समाजों को अपने मूल्य की रक्षा करने और बढ़ती चुनौतियों का जवाब देने के लिए एक-दूसरे के हाथों को मजबूत करने की जरूरत पर बात की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि त्न-7 सम्ड़मेलन में पीएम मोदी का जोर स्वास्थ्य, कोविड-19 वैक्ड़सीन पर रहा। यही नहीं पीएम ने अपने संबोधन में पर्यावरण चुनौतियां, खुली अर्थव्यवस्था पर भी जोर दिया।

### व्यापक समर्थन की अपील

विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (आर्थिक संबंध) पी हरीश ने बताया कि पीएम मोदी ने कोविड संक्रमितों के इलाज से संबंधित टेक्नोलॉजी के लिए डब्ल्यूटीओ में ट्रिप्स छूट के लिए व्ड़यापक समर्थन की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पेरिस एग्रीमेंट के लक्ष्ड़य को हासिल करने की राह पर भारत एकलौता जी-20 देश है।



यही नहीं पीएम मोदी ने विश्ड़व व्यापार संगठन में छूट के लिए भारत और दक्षिण अफ्रीका के प्रस्ताव के लिए जी-7 देशों का मजबूत समर्थन मांगा। पीएम मोदी की बात का राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने जोरदार समर्थन किया।

### विस्तारवाद और सायबर सिक्योरिटी पर मिलकर काम करना होगा

प्रधानमंत्री ने आज दो सेशन में हिस्सा लिया। क्लाइमेट चेंज के मुद्दे पर उन्होंने कहा- इस चैलेंज का एकजुट होकर मुकाबला करना होगा। हम इसे टुकड़ों में बांटकर काम नहीं कर सकते। भारत जी-20 का एकमात्र ऐसा देश है, जिसने पेरिस क्लाइमेट समिट से जुड़े अपने सभी वादे पूरे किए हैं। भारत जी-7 का प्राकृतिक सहयोगी है। हमें मिलकर विस्तारवाद और सायबर सिक्योरिटी पर भी काम करना होगा। हम लोकतंत्र और आजादी का समर्थन करते हैं।

## खास खबर

### रेल मंत्री पीयूष गोयल ने की भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना

**तिरुपति (ए)।** रेल मंत्री पीयूष गोयल ने तिरुमला में भगवान वेंकटेश्वर के प्राचीन पर्वतीय मंदिर में पूजा अर्चना की। मंदिर के एक अधिकारी ने बताया कि गोयल अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ एक दिन के लिए गत रात यहां पहुंचे और उन्होंने रविवार तड़के भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। अधिकारी ने बताया कि पूजा के बाद टीटीडी के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी ए वेंकट धर्मा रेड्डी ने पीयूष गोयल को रेशम का कपड़ा और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया गोयल इस साल मार्च में भी मंदिर में दर्शन करने आए थे।

### केंद्र सरकार छुपा रही कोरोना से होने वाली मौतों के वास्तविक आंकड़े : राहुल

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोरोना से होने वाली मौत के आंकड़े कथित रूप से छुपाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर एक बार फिर निशाना साधा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ट्वीट कर कहा कि केंद्र सरकार वास्तविक आंकड़ों को छिपा रही है, जो बताई जा रही संख्या से बहुत अधिक हैं। राहुल गांधी ने ट्वीट कर पूछा कि भारत सरकार का सक्षम मंत्रालय कौन सा है? इसके बाद उन्होंने लिखा-द सीक्रेट मिनिस्ट्री फॉर लाइज एन एंप्टी स्लोगन। इससे पहले राहुल गांधी ने शनिवार को पीएम मोदी पर देश में कोरोना महामारी, बढ़ती महंगाई और बेकाबू होती बेरोजगारी को लेकर भी तंज कसा था। राहुल ने ट्वीट में लिखा था, महामारी, महंगाई, बेरोज़गारी, जो सब देखकर भी बैठा है मौन जन-जन देश का जानता है- जिम्मेदार कौन। 11 जून को भी राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा था कि सच से, सवालों से, कार्टून से- वह सब से डरता है।

### कोटकपूरा गोलीकांड में नई एसआईटी ने प्रकाश सिंह बादल को भेजा समन

**चंडीगढ़ (ए)।** कोटकपूरा गोलीकांड की जांच कर रही नई एसआईटी ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को तलब किया है। जानकारी के अनुसार नई एसआईटी ने गत दिन 4 गवाहों के बयान कलमबद्ध किए हैं और अब पूछताछ के लिए प्रकाश सिंह बादल को समन भेजे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 16 नवंबर को भी प्रकाश सिंह बादल से पूछताछ की गई थी। प्रकाश सिंह बादल को 16 जून के लिए समन किया गया है, लेकिन देखना यह है कि बादल को चंडीगढ़ में तलब किया जाता है या फिर नई एसआईटी खुद उनके पास आकर पूछताछ करेगी। हालांकि, इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि पूर्व डीजीपी सुमेध सैनी, पूर्व विधायक मनतार बराड़ और मामले से जुड़े और लोगों से की गई पूछताछ के आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल से पूछने के लिए एसआईटी द्वारा 30 से 40 सवाल तैयार किए गए हैं।

### गोवा में 21 जून तक बढ़ाया गया कोरोना कर्फ्यू

**नई दिल्ली (ए)।** देश में कोरोना वायरस के कहर में उतार-चढ़ाव जारी है। यही वजह है कि कुछ जगहों पर पाबंदियां बरकरार है तो कुछ जगहों पर ढील दी जा रही है। इस बीच गोवा ने लॉकडाउन को बढ़ाने का फैसला किया है। गोवा सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लागू किए गए कर्फ्यू को 21 जून तक बढ़ाने की घोषणा की है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शनिवार को कहा कि कर्फ्यू को 21 जून सुबह सात बजे तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री सावंत ने ट्विटर पर इसकी जानकारी देते हुए कहा, पंचायत और नगरपालिका क्षेत्रों में स्थित दुकानों को भी सुबह सात बजे से अपराह्न तीन बजे तक खोलने की अनुमति दी गयी है।

## सांसद श्री सिंधिया ने गुना-बीना रेल लाइन के दोहरीकरण पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी



**ग्वालियर।** लोकसभा सांसद रहते हुए तत्कालीन सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अथक प्रयास करके गुना - बीना रेलवे लाइन के दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण की मंजूरी दिलवाई थी, जिसके सुखद परिणाम अब सामने आने लगे हैं, एक तरफ जहां विद्युतीकरण होने के बाद अब ट्रेनें अधिक गति से चलकर कम समय में यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचा रही है, वहीं अब उक्त रेल खंड के दोहरीकरण हो जाने से ट्रेनों के पासिंग के कारण जो विलंब होने की समस्या आती थी, उससे निजात मिलेगी। ज्ञात हो कि अशोकनगर से बीना तक दोहरीकरण का काम दिसंबर तक पूरा हो जाएगा, रेल अधिकारियों ने सांसद श्री सिंधिया को अवगत कराया है कि अशोकनगर से बीना तक अलग-अलग हिस्सों में दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है, इसमे बीना से कंजिया तक 22 किलोमीटर का ट्रैक तैयार हो चुका है,अशोकनगर से ओर स्टेशन तक 13 किलोमीटर का ट्रैक भी तैयार हो गया है,कंजिया से पिपरई तक 24 किलोमीटर का काम दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। पिपरई से ओर स्टेशन तक 28किलोमीटर लंबे मार्ग का काम भी दिसंबर तक पूरा ही जायेगा। इस रेलवे ट्रैक पर अब ट्रेन 122 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से दौड़ेगी। सांसद श्री सिंधिया ने गुना-बीना रेल लाइन के दोहरीकरण का कार्य द्रुत गति से सम्पन कराने के लिए रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल एवं रेल विभाग के अधिकारियों एवं तकनीकी स्टाफ़ का आभार व्यक्त किया है वहीं अशोकनगर एवं गुना क्षेत्र की जनता को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## प्राइवेट स्कूल को गलत फीस को लेकर जारी किया नोटिस

### नोटिस में कहा- सर्कुलर वापस लो नहीं तो होगी सिविल या क्रिमिनल कार्रवाई

**नई दिल्ली (ए)।** राजधानी के एक प्राइवेट स्कूल को एनजीओ जस्टिस फॉर ऑल ने गलत फीस वसूलने को लेकर नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि स्कूल ने वार्षिक और विकास शुल्क वसूलने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या की है। स्कूल ने चार्ज में 15 फीसदी की छूट दी है। हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल बेच के आदेश को चुनौती देने वाले वकील का कहना है कि स्कूलों को कुल सालाना फीस पर 15 फीसदी छूट देनी है। यह नोटिस अशोक विहार स्थित कुलाची हंसराज स्कूल को भेजा गया है। एक अन्य स्कूल, पीपी इंटरनेशनल स्कूल, पीतमपुरा ने भी कथित तौर पर मील, ट्रांसपोर्ट एक्टिविटी चार्ज भी लगाया है। जबकि अभी फिजिकल क्लासेज शुरू भी नहीं हुई हैं। अप्रैल 2020 में, पहले लॉकडाउन के बाद, दिल्ली सरकार ने एक आदेश जारी किया था। उस आदेश में प्राइवेट स्कूलों को वार्षिक और विकास शुल्क लेने पर रोक लगाई थी। बाद में दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल बेंच 31 मई को स्कूलों को कुछ छूट के साथ 2020-21 के लिए यह शुल्क लेने की अनुमति दी। इसके बाद माता-पिता और दिल्ली सरकार की ओर से जस्टिस फॉर ऑल ने इसे कोर्ट में चुनौती दी थी।

## केदारनाथ मंदिर के बाहर धरने पर बैठे पुजारी, मांगें नहीं मानने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**केदारनाथ (ए)।** देव स्थानम प्रबंधन बोर्ड भंग करने की मांग को लेकर गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के तीर्थ पुरोहितों का प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर पुजारी केदारनाथ मंदिर के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। इससे पहले पुरोहितों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध प्रदर्शित किया था। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति तथा गंगोत्री तीर्थ पुरोहित महासभा के संयुक्त तत्वाधान में गंगोत्री मंदिर परिसर में देवस्थानम बोर्ड को भंग करने की मांग को लेकर तीर्थ पुरोहितों और पुजारी राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव दीपक सेमवाल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा इस मसले पर तीर्थ पुरोहितों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। एक ओर मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत देवस्थानम बोर्ड पर पुनर्विचार की घोषणा करते हैं।

## रक्षामंत्री राजनाथ ने युद्ध इतिहास के संग्रहण अवर्गीकृत और संकलन पर नीति को मंजूरी दी

**नई दिल्ली (ए)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय द्वारा युद्ध/ ऑपेरशन संबंधी इतिहास के संग्रहण, वर्गीकरण और संकलन /प्रकाशन संबंधी नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति में यह परिकल्पना की गई है कि रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला प्रत्येक संगठन जैसे सेना के तीनों अंग, एकीकृत रक्षा कर्मचारी, असम राइफल्स और भारतीय तटरक्षक, उचित रखरखाव,



अभिलेखीय और लेखन इतिहास के लिए रक्षा मंत्रालय के इतिहास प्रभाग को युद्ध डायरी, कार्यवाही पत्र और अभियानों से जुड़ी रिकॉर्ड पुस्तकों आदि सहित अभिलेखों का हस्तांतरण करेगा। अभिलेखों के वर्गीकरण की जिम्मेदारी संबंधित संगठनों की है जैसा कि लोक अभिलेख अधिनियम 1993 और सार्वजनिक रिकॉर्ड नियम 1997 में निर्दिष्ट है, जिसको समय-समय पर संशोधित किया गया है। नीति के अनुसार, रिकॉर्ड को आमतौर पर 25 वर्षों में विवर्गीकृत किया जाना चाहिए। 25 वर्ष से पुराने अभिलेखीय विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किया जाने चाहिए और युद्ध/ अभियान संबंधी इतिहास संकलित किए जाने के बाद भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार को हस्तांतरित किया जाना चाहिए। इतिहास प्रभाग विभिन्न विभागों के साथ समन्वय के लिए उत्तरदायी होगा, जबकि युद्ध/ ऑपेरशन संबंधी इतिहास का संकलन, अनुमोदन और प्रकाशन की मांग की जाएगी। इस नीति में संयुक्त सचिव रक्षा मंत्रालय की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है और जिसमें युद्ध/ ऑपेरशन इतिहास के संकलन के लिए सेवाओं, विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और अन्य संगठनों और प्रमुख सैन्य इतिहासकारों (यदि आवश्यक हो) के प्रतिनिधि शामिल हैं।


## सिब्बल का कबूलनामा–फिलहाल बीजेपी का कोई विकल्प नहीं, कांग्रेस में बड़े बदलाव की जरूरत

### कहा- पार्टी में व्यापक सुधार की जरूरत, अनुभव व युवाओं के बीच संतुलन की दरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस के सीनियर लीडर कपिल सिब्बल ने पार्टी को बुरे वक्त से उबारने के लिए कुछ सुझाव दिए हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस में दोबारा उभार देश की जरूरत है। इसके लिए पार्टी को भी यह दिखाने की जरूरत है कि वह एक्टिव है और सार्थक रूप से जु?ना चाहती है।

न्यूज एजेंसी से बातचीत में सिब्बल ने रविवार को कहा कि पार्टी संगठन के चुनाव जल्द कराए जाने चाहिए। केंद्र और राज्यों के स्तर पर ब? सुधारों की जरूरत है, ताकि हम यह दिखा सकें कि पार्टी अब ज?ता की स्थिति में नहीं है। देश में राजनीतिक विकल्प का अभाव है। इसलिए इस समय एक मजबूत और भरोसेमंद विपक्ष जरूरी है।



कांग्रेस में अनुभव और युवाओं के बीच संतुलन बनाने की तुरंत जरूरत है।

### पार्टी में सुधारों के पक्षधर हैं सिब्बल

सिब्बल कांग्रेस नेताओं के त्न-23 ग्रुप के मुखर सदस्यों में से एक हैं, जिसने संगठन में सुधार की मांग करते हुए पार्टी की टॉप लीडरशिप को चिट्?ठी लिखी थी। तब राहुल गांधी ने चिट्ठी लिखने वाले नेताओं को क्ष्ठ्ठक्क का मददगार बता दिया था। इन नेताओं में गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा जैसे गांधी परिवार के करीबी रहे नेता भी शामिल हैं।

### धूप नहीं निकली तो काट कर रखी उपज में हो जाएगा अंकुरण

## प्री मानसून की बारिश बनी आफतः खेतों में खड़ी और पड़ी अरबों की मूंग डूबी

**भोपाल।** अन्नदाता की खुशियों को प्री मानसून की तेज बारिश ने ग्रहण लगा दिया है। कटाई के लिए तैयार और खेतों में काट कर रखी गई अरबों रूपए मूल्य की मूंग बारिश के पानी में डूब गई है। अगर धूप नहीं निकली तो काट कर रखी उपज में अंकुरण हो जाएगा। उधर मौसम विभाग ने प्रदेश के कई क्षेत्रों में जोरदार बारिश की संभावना जताकर किसानों को पसोपेश में डाल दिया है। कृषि विभाग के सूत्रों के अनुसार, भोपाल, सीहोर, होशंगाबाद, हरदा, नरसिंहपुर सहित जिन क्षेत्रों में मूंग है, वहां के किसानों के लिए प्री मानसून की बारिश आफत बन गई है। विभाग के अनुसार, पिछले दो-तीन दिन की बारिश में जो फसल भिगी है उसमें से 50 फीसदी मूंग खराब होने का अनुमान है। सबसे ज्यादा नुकसान उन किसानों को हुआ है जो खेतों में पक कर खड़ी मूंग को काटने की तैयारी में थे या काट कर गाहनी कर रहे थे। अचानक बारिश होने से जहां पकी हुई मूंग खराब हो गई है तो गाहनी की जा रही फसल भी खराब हुई है।



**होशंगाबाद, हरदा, नरसिंहपुर में सबसे ज्यादा नुकसान:** गौरतलब है कि प्रदेश में मूंग के उत्पादन में होशंगाबाद पहले, हरदा दूसरे और नरसिंहपुर तीसरे स्थान पर है। इन जिलों में इस बार ग्रीष्मकालीन मूंग की बंपर पैदावार हुई थी, लेकिन किसानों की मेहनत पर प्री मानसून की भारी बारिश ने पानी फेर दिया है। किसानों के अनुसार इससे बड़े नुकसान की आशंका जताई जा रही है। एक ओर किसान शासकीय समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने के पंजीयन कराने में लगा हुआ है। वहीं बरसात से हुए नुकसान के बाद किसान संगठन एवं किसान शासन से नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजे की मांग भी करने लगे हैं।

**15 जून से मूंग की खरीदी:** शासन ने हाल ही में 7196 रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर इसकी खरीदी की घोषणा की थी। 15 जून से मूंग की खरीदी शुरू की जानी है लेकिन पानी ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया। मूंग की औसत उपज प्रति हेक्टर 16 क्विंटल तक प्राप्त हुई है। केवल 2 महीने की मेहनत वाली यह फसल जब किसानों को उनकी मेहनत का मीठा फल देने वाली थी तो प्री मानूसून ने किसानों को रुला दिया।

**समय से पहले बारिश से हुआ नुकसान-** इस बार बारिश एक सप्ताह पहले ही होने लगी है जिससे किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ा है। पिछले सालों में मानसूनी बारिश का रिकार्ड देखें तो 20 जून के आसपास बारिश होती रही। किसान पिछले सालों की बारिश के हिसाब से मूंग की कटाई गाहनी आदि की तैयारी कर रहे थे पर प्री मानसून काफी ताकत से आया और किसानों के लिए नुकसानदायक साबित हुआ।

**कमजोर हो जाएगी चमक:** दाने खराब होने के साथ ही चमक कमजोर हो जाएगी। जिससे एफएक्यू के दायरे में नहीं आ सकेगी। किसानों का कहना है कि इस बार मूंग की फसल अच्छी होने से अब लग रहा था कि पैदावार अच्छी होगी। लेकिन अब इस बारिश ने अच्छी उम्मीद पर पानी फेर दिया है। सिर्फ चार दिन और मानसून नहीं आता तो किसानों की पूरी मूंग बच जाती।

**कटाई में होगी समस्या:** मूंग की फसल में ज्यादा पानी पहुंचने के कारण उसके फलीदार पौधे झुक गए हैं। वह खेत से चिपक गए हैं। जिससे अब कटाई में देरी के साथ ही कटाई की समस्या आ रही है। क्योंकि हारर्वेस्टर से काटते समय फसल के साथ मिट्टी भी आ जाएगी। मानसून का असर बना हुआ है। जो हल्का होता जा रहा है फिर भी अभी एक दिन और इसी प्रकार रुक रुककर बारिश होने की संभावना बताई जा रही है। बारिश का दौर पूरे जिले में रुक रुककर बना हुआ है।

# वनकर्मी की गोली से किसान की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

## रेत का अवैध उत्खनन करने वाले माफियाओं को पकड़ने गई थी टीम





मुरैना, ब्यूरो। रेत माफियाओं द्वारा लगातार किए जा रहे अवैध उत्खनन के चलते रविवार की सुबह पुलिस एवं वन विभाग की टीम नगरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दबिश देने पहुंची तो रेत माफिया पुलिस एवं वन विभाग की टीम को आता देख भागने लगे। पुलिस एवं वन विभाग की टीम द्वारा उनका पीछा किया गया और उन्हें पकड़ने के लिए टायर में गोली मारी और इस बीच एक किसान जो शौच के लिए जा रहा था, वह फायरिंग की चपेट में आ गया तथा गोली लगने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीण की मौत की सूचना पाकर गांव वाले एकत्रित हो गए और वन विभाग की टीम को घेर लिया। इस दौरान वन विभाग की टीम अपनी बोलेरो गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकली तथा आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों को आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

वन विभाग की टीम नगरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 5 बजे से अवैध रेत माफियाओं की घेराबंदी में लगी थी। तभी वन विभाग की टीम को अवैध रेत ले जाते ट्रेक्टर-ट्रॉली दिखा, जब टीम ने इसे रोकने का प्रयास किया तो ट्रैक्टर चालक सामने अमोलपुरा गांव की तरफ मुड़ गया। वन विभाग की टीम ने भागते ट्रैक्टर चालक को रोकने के लिए गोलियां चलाईं, जिसमें से एक गोली अमोलपुरा गांव के किसान महावीर तोमर पुत्र भीकम सिंह तोमर को लगी जो कि भैंस को सानी करके शौच के लिए जा रहा था। गोली लगने से किसान महावीर तोमर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। किसान की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने इकट्ठे होकर वन विभाग टीम पर हमला कर दिया और वन विभाग की टीम अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गई। किसान की मौत से गुस्साए ग्रमीणों ने आक्रोशित होकर अटेर रोड पर जाम लगा दिया। पोरसा अटेर मार्ग पर जाम लगाने वाले ग्रामीणों की मांग थी कि घटना को अंजाम देने वाले वनकर्मियों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व शस्त्र लाइसेंस दिया जाए। प्रशासन द्वारा सरकारी नौकरी का आश्वासन दिया गया और बीपीएल कार्ड बनाने के निर्देश देते हुए रेडक्रॉस की और से सहायता स्वरूप 20 हजार रुपए डीएम ने मौके पर दिए।

उक्त घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, एक निर्दोष किसान की मौत होने से मामला गरमा गया है। इसके बाद मुरैना से अतिरिक्त पुलिस बल नगरा भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों को समझा-बुझाकर आश्वासन देकर जाम खुलवाया। इस दौरान एक अन्य वाहन सहित बोलेरो को ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।

### इन वनकर्मियों पर हुआ मामला दर्ज

मृतक महावीर के पुत्र राहुल तोमर की शिकायत पर नगरा पुलिस ने 294, 302,147,148,149 धाराओं के तहत प्रमोद सिंह तोमर वनविभाग अंबाह, मन्नी उर्फ राघवेंद्र भदौरिया किशनपुरा अंबाह, मनीष त्यागी वनविभाग अंबाह नगरा, विश्वनाथ चौहान वनविभाग अंबाह नगरा, आशीष उपाध्याय वनविभाग अंबाह नगरा, हेमंत राठौर वनविभाग अंबाह नगरा, जीवेश शर्मा वन विभाग अंबाह नगरा, सत्यप्रकाश वनविभाग अंबाह नगरा, अवधेश कुशवाह वनविभाग अंबाह नगरा के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

## वन-टू-वन

### पुलिस के पीछा करने पर अवैध शराब से भरी गाड़ी खंती में पटकी, आरोपी फरार



मुरैना। देवगढ़ थाना पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर से अवैध शराब से भरी एक स्विफ्ट गाड़ी का पीछा किया तो आरोपी गाड़ी को भगा ले गया और खंती में पटक दिया। गाड़ी के क्षतिग्रस्त होते ही आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने 50 हजार रुपए की अवैध शराब गाड़ी से बरामद कर आरोपी की तलाश आरम्भ कर दी है। जिले भर में पुलिस द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन करने वाले तस्करों के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के तहत जौरा एसडीओपी मानवेन्द्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गुर्जा की तरफ से थाना देवगढ़ की और एक् स्विफ्ट गाड़ी क्रमांक एमपी 06 सीए 2840 में अवैध शराब भरकर लाई जा रही है। उक्त सूचना पर से उन्होंने देवगढ़ थाना प्रभारी अरुण सिंह कुशवाह को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया । पुलिस टीम ने ग्राम डिंडोखर की पुलिया पर एंबुश लगा दिया और वाहन चेकिंग शुरू कर दी, जैसे ही उक्त गाड़ी चालक ने पुलिस को देखा तो गाड़ी चालक गाडी भगा ले गया। पुलिस द्वारा गाड़ी का पीछा किया गया और आरोपी ने गाड़ी को खंती में पटक दिया, जिससे गाड़ी छतिग्रस्त हो गइ। इस दौरान आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भाग निकला। पुलिस द्वारा जब कार की तलाशी ली गई तो उसमें से 50 हजार रुपए की अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने कार कीमती 5 लाख रुपए को भी बरामद तक कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### ऑटो में सवारी बैठाकर लूट करने वाले गिरोह का एक सदस्य पकड़ा, लूट बरामद

मुरैना। शहर में संचालित ऑटो में सवारी बिठाकर लूट करने वाले गिरोह का कोतवाली पुलिस ने रविवार को पर्दाफाश करते हुए एक सदस्य को पकड़ा है तथा 2 साथी अभी फरार हैं। पुलिस ने 48 घंटे में एक सवारी से की गई लूट को बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधों को रोकने के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत 11 जून को फरियादी मानसिंह पुत्र कप्तान सिंह तोमर 65 वर्ष निवासी विक्रम नगर मुरैना को ऑटो में बिठाकर डरा धमका कर 5500 सो रुपए लूट कर ले जाने वाले गिरोह के एक सदस्य को सिटी कोतवाली पुलिस ने रविवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मानसिंह के साथ की गई लूट को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध लूट एवं डकैती का प्रकरण दर्ज किया गया था और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपियों को पकड़ने के लिए तत्परता दिखाई गई। रविवार की दोपहर सूचना मिली की सवारी से लूट करने वाला एक आरोपी शुक्ला होटल के सामने खड़ा होकर कहीं जाने की फिराक में है, उक्त सूचना पर से पुलिस फोर्स ने आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ करने पर वह भरभूजा वाली गली गोपालपुरा का निवासी निकला। पूछताछ में आरोपी ने अपने दो साथियों के नामों का भी खुलासा किया है, जिसमें एक गांधी कॉलोनी मुरैना तथा दूसरा जनकताल ग्वालियर का रहने वाला है और ग्वालियर के ही साथी की ऑटो बताई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2700 रुपए नगद जप्त कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी को पकड़ने में उपनिरीक्षक रवि गुर्जर, प्रधान आरक्षक अनिल दोहरे, सत्यवीर सिंह, प्रेम नारायण, आरक्षक राम किशन सिंह, शिव प्रताप सिंह भदोरिया, कुलदीप सिंह भदोरिया, रविंद्र, अशोक सिंह गुर्जर, अवधेश सिंह आदि की भूमिका रही।

### ईसीआर जमा करने के लिये सदस्य का आधार यूएएन से लिंक होना आवश्यक

मुरैना। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंतर्गत संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को निरंतर बेहतर सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से संगठन द्वारा आधार के.वाय.सी. अपडेट करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ ही अनिवार्य किया गया है। अब एक जून 2021 से सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 की धारा 142 के लागू होने के परिणामस्वरूप केवल उन्हीं सदस्यों के संबंध में ई.सी.आर. जमा हो सकेगी, जिनके आधार नम्बर यू.ए.एन. से सीड और सत्यापित हैं। सभी भविष्य निधि अंशदायी सदस्यों के संबंध में आधार सीडिंग करें ताकि वे ई.पी.एफ.ओ. की निर्वाध सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

## बच्चे की इच्छा पर प्राचीन महुआ देव पर पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन



अम्बाह। जन्मदिन का बच्चों के जीवन में विशेष महत्व होता है। इस दिन कोई बच्चा होटलों में पार्टी करता है तो कोई भव्य कार्यक्रम आयोजित करता है, लेकिन नगर में रहने वाले कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी उमेश शर्मा के बेटे तेजस ने अपने जन्मदिन पर पिता से अनूठी इच्छा जाहिर की। उसने कहा कि वह अपने जन्मदिन पर 21 पौधे रोपण करना चाहता है। अपने बेटे की इच्छा से उन्होंने पौधरोपण में रुचि रखने वाली चंबल यशगान यात्रा के सदस्य नीलेश शर्मा को परिचित कराया। जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी राजीव समाधिया सहित चम्बल यशगान यात्रा परिवार के साथ शहर के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने महुआ देव महादेव मंदिर में 21 फलदार और छायादार पीपल, आँवला, अमरूद, शहतूत जामुन के पौधों का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

इस अवसर पर लोगों को बरसात के दौरान पौधे लगाने के लिए भी जागरूक किया गया। आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण से पहले वैदिक यज्ञ भी किया गया। इस अवसर पर राजीव समाधिया एस.डी.एम अम्बाह ने पौधोरोपण करते हुये कहा कि बर्तमान समय में ऑक्सीजन की हमें बहुत आवश्यकता है इसलिए सभी नागरिकों को अपने घर, खेत-खलिहान और शासकीय कर्मचारियों को अपने कर्तव्य स्थल पर स्थान उपलब्ध हो तब पौधोरोपण अवश्य करना चाहिए और यदि स्थान नहीं है तो घर पर गमलों में पौधे लगाना चाहिए। इस अवसर पर राजकुमार नागोरिया तहसीलदार अम्बाह, मनीष दुबे नायब तहसीलदार, विकास भदौरिया नायब तहसीलदार, कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी उमेश शर्मा, नीलेश शर्मा, संयोजक चम्बल यशगान यात्रा, परमाल सिंह परिहार, शिवमोहन सिंह तोमर पटवारी और संत बजरंग दास महाराज जी सहित जन्मदिन मनाने वाले बालक तेजस ने भी पौधारोपण किया।

## मानक स्तर का खाद बीज खरीदने की कृषकों को सलाह

मुरैना। जिले के समस्त कृषकों से अपील की गई है कि वे सहकारी समितियों विपणन केन्द्रों, निजी विक्रेताओं से उर्वरक, कीटनाशक, बीज खरीदते समय यूरिया, डीएपी एवं सुपर फास्फेट उर्वरक बैग, बीज एवं कीटनाशक की अच्छी तरह से जांच-परख करने के बाद ही क्रय करें। क्रय किये गये उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज का पक्का बिल दुकानदार से प्राप्त करें। बिल में दर्शाई गई कीमत से अधिक भुगतान न करें। बिना लायसेंस की दुकानों से कोई भी सामग्री क्रय नही करें। पंजीकृत उवर्रक, कीटनाशक एवं बीज विक्रेताओं से ही कृषि आदान सामग्री खरींदे। यदि कृषि आदान सामग्री की गुणवत्ता के संबंध में किसी भी प्रकार की शंका होती है अथवा दुकानदार निर्धारित कीमत से अधिक कीमत मांगता है तो किसान भाई निडर होकर बिना किसी संकोच के अपने विकासखंड अंतर्गत आने वाले कृषि विभाग के अधिकारी से सम्पर्क कर सूचित कर सकते है।

## चंबल नदी के किनारे बकरी चराने गए बालक पर मगरमच्छ ने किया हमला, मौत



अम्बाह। थाना क्षेत्र अम्बाह के नोहरो गांव के समीप बहने वाली चंबल नदी के किनारे बकरी चराने गए एक बालक शिवम पुत्र केदार सिंह निषाद उम्र 10 वर्ष पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। रविवार की सुबह बालक का शव नदी के ऊपर तैरता हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद उक्त शव को ग्रामीणों द्वारा बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार शिवम चंबल के बीहड़ों में अपनी बकरी चराने गया था, इसी दौरान प्यास लगने पर जब वह चंबल नदी में पानी पी रहा था, तभी मगरमच्छ ने उसे पानी में खींच लिया व उसे काफी देर तक पानी के अंदर ही डुबोकर रखा, जिससे उसकी मौत हो गई। यह हृदय विदारक घटना शनिवार की बताई जा रही है मगरमच्छ द्वारा बालक पर हमले की खबर देर शाम तक घर वालो को लगी, जिसके उपरांत घरवालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। ग्रामीणों और पुलिस ने बच्चे की तलाश करना प्रारंभ किया किंतु काफी खोजबीन के बाद जब बच्चे का पता नहीं चला तो पुलिस और परिजन घर वापस आ गए। बाद में रविवार की सुबह 6 बजे उसकी लाश तैरती हुई नदी में मिली। ग्रामीणों एवं पुलिस द्वारा उक्त शव को सिविल अस्पताल लाया गया, जहां पीएम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। उक्त घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल है। ज्ञात रहे कि चंबल नदी के किनारे बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने पशुओं को चराने के लिए जाते हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अब पूर्णतः स्वस्थ



मुरैना। जौरा विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पंकज उपाध्याय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि गुड़गांव स्थित मेदांता मेडिकेयर सिटी में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का स्वास्थ्य खराब होने कारण 3 दिन पूर्व भर्ती कराया गया था। उपचार के बाद अब वे पूर्ण स्वस्थ हैं। जौरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पंकज उपाध्याय ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं मुरैना एवं जौरा क्षेत्र के बारे में चर्चा की, साथ ही कोरोना से प्रभावित लोगों के बारे में भी जानकारी ली। श्री उपाध्याय ने बताया कि कमलनाथ अब पूर्णतः स्वस्थ हैं एवं वह जल्द ही भोपाल आकर कामकाज संभालेंगे।

## विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर चलाया बाल श्रम जागरूकता अभियान



मुरैना। बालश्रम एक सभ्य समाज के लिए अभिशाप है, इसके विरुद्ध जनचेतना जागृत करने के लिए विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर चाइल्ड लाइन, श्रम विभाग मुरैना, महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से मुरैना शहरी क्षेत्र में दुकानदारों व्यवसायियों एवं आमजन को बाल श्रम के प्रति जागरूक करने जन जागरूकता अभियान चलाया गया ।

अभियान के अंतर्गत चाइल्डलाइन टीम सदस्य संदीप सेंगर, नितिन शिवहरे, श्रम विभाग के लेवर स्पेक्टर राहुल दौहरे, पवन, महिला एवं बाल विकास विभाग से रविकांत दुवे, विशेष किशोर पुलिस इकाई से अशोक सिंह हर्षाना की संयुक्त टीम द्वारा बैरियर चौराहा, बस स्टैंड, नेहरू पार्क, मारकंडेश्वर बाजार आदि स्थानों पर लोगों को बच्चों से बाल श्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही चाइल्ड लाइन 1098 पर दिनांक 12 जून को आई हुई बाल श्रम की शिकायत के संबंध में संयुक्त टीम द्वारा मारकंडेश्वर बाजार हनुमान चौराहे के पास विशाल जनरल स्टोर पर पहुंच कर देखा तो वहां पर एक बच्चा काम करते हुए दिखाई दिया। टीम द्वारा दुकान के संचालक को हिदायत दी गई कि वह छोटे बच्चों से काम ना कराएं, अगर आगे से दुबारा यह बच्चा या अन्य छोटे बच्चे दुकान पर काम करते हुए पाये जाते है तो दुकानदार संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, तदुपरांत टीम द्वारा बच्चे को रेस्क्यु कर उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष आलोक राजावत द्वारा दुकानदार एवं बच्चे की मां की काउंसलिंग की गई।

## पर्यावरण को बचायें-जीवन को खुशहाल बनायें



मुरैना। पेड-पौधे, नदियां, जंगल, जमीन, पहाड आदि मनुष्य जीवन के लिए बहुत ही जरूरी हैं। प्रकृति हमें बहुत कुछ देती है और हम हमेशा प्रकृति से लेते ही रहते हैं। कभी भी उसे कुछ वापिस नहीं करते, हमारी गलत आदतों तथा अस्त व्यस्त दिनचर्या व व्यवहार के कारण हम अपने आसपास के वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं, जो कि हम सबके लिए चिंता का बिषय है। कई बडे-बडे शहरों में आज पॉल्युशन लेवल इस कदर बढ गया है कि सांस लेना भी दूभर हो गया है। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी का संकट इस बात का जीता जागता उदाहरण है। इसलिए हम सबको इस बात पर ध्यान देना होगा कि ज्यादा से ज्यादा हम लोग पेड लगाएं, गंदगी और प्रदूषण न फैलने दें और न ही हम स्वयं फैलाएं। ऐसे छोटे-छोटे प्रयासों से ही हम प्रकृति के लिए काफी कुछ कर सकते हैं। क्योंकि अगर प्रकृति संरक्षित है तो मानवीय जीवन सुरक्षित है। इसी आशय के साथ मुरैना यूथ अकादमी संस्था के संचालक संदीप सेंगर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कई स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रमों के तहत पौधों का रोपण किया गया। उनके द्वारा निज निवास सिंगल बस्ती पुरानी जीन में 11 पौधे रोपे गए। साथ ही नवीन कलेक्ट्रेट मुरैना में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम अंतर्गत पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सतीश सिंह तोमर, राकेश सिंह तोमर, जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी तिलक सिंह, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट के अधिकार, उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 के प्रभारी प्राचार्य श्री शाडिल्य के अलावा प्रथा संस्था से नितिन शिवहरे तथा समाजसेवी कुमारी ज्योति, श्रीमती भावना जालौन, हरपाल सिंह सेंगर, देवेन्द्र शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## नैनो न्यूज

### कर्मचारी संघ का वेक्सिनेशन शिविर आयोजित, 462 को लगी कोरोना वेक्सीन



शिवपुरी। भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का वृहद वेक्सिनेशन शिविर का आयोजन छावनी क्रमांक 1 विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें 462 लोगों ने कोरोना से बचने के लिए वेक्सिनेशन कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सीएस डॉ गोविंद सिंह , अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी दीपक पांडेय, विशिष्ट अतिथि बीईओ मनोज निगम, बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर , राज्य कर्मचारी संघ की प्रांतीय उपाध्यक्ष साधना गुप्ता, बीएमएस के प्रांतीय उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह गुर्जर, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दिलीप शर्मा, सचिव अजमेर सिंह यादव , बीएमएस अध्यक्ष एस के माथुर,केएस गुप्ता व रमेश चंद शिवहरे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ आमन्त्रित अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात वेक्सिनेशन करने आई एएनम सरोज वर्मा, रुविना यादव, सीएचओ हरिमोहन शर्मा व जनअभियान परिषद की पद्म शिवहरे को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए जिला प्रचार सचिव मुकेश आचार्य ने बताया कि शिविर में कुल 462 लोगो को सरोज वर्मा एएनएम ने कोरोना वेक्सीन लगाई। शिविर में प्रमुख रूप से योगेश मिश्रा, फतेह सिंह गुर्जर, अनुज गुप्ता, गजेन्द्र यादव, कौशल गौतम, अजय राजपूत, चतुर्भुज राठौर, रामहेत शर्मा, सतीश श्रीवास्तव, घनश्याम वर्मा, जितेंद्र पाठक, गिरिजा श्रीवास्तव, अर्चना शर्मा, मुकेश गौतम, महेश शर्मा, भजन कुशवाहा, यशपाल जाट, आफ़ताब अहमद सहित अन्य लोगों ने विशेष सहयोग दिया।

### मुम्बई अगर हाईवे पर नारियल से भरा ट्रक बेकाबू होकर पलटा लगा रहा घंटो तक जाम



शिवपुरी। खबर शहर शिवपुरी के बालाजी धाम मंदिर के आगे विनेगा आश्रम की हैं जहाँ रविवार की सुबह एक नारियल से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जानकारी के अनुसार ट्रक चालक तेज रफ्तार से वाहन को चला रहा था जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलट जाने के कारण कई किलोमीटर तक का लंबा जाम घंटो तक लगा रहा जो बड़ी मशक्कत के बाद हटाया गया। जिसके बाद फिर से यातायात सुगम हो सका ट्रक में नारियल भरे हुए थे।

### कलेक्टर ने आज से पूरा बाजार खोलने के निर्देश दिए दाएं बाएं का नहीं रहेगा सिस्टम

**शिवपुरी।** शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार के निर्देशानुसार आज से संपूर्ण बाजार खोला जाएगा दाएं बाएं का सिस्टम नहीं रहेगा। शादी ब्याह में केवल 20 +20 लोग दोनों पक्ष के रहेंगे सभी दुकानदारों को कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन अनिवार रहेगा संपूर्ण जिले में रविवार को कर्फ्यू जारी रहेगा जो शनिवार रात्रि 10÷00 बजे से सोमवार सुबह 6÷00 बजे तक कर्फ्यू रहेगा।

### शहर के खेत सिंह नगर में ठगी भू माफियाओं की दबंगई प्रशासन ने कहा

# अवैध है कालोनी हवाई पट्टी क्षेत्र के लोग प्रदर्शन पर उतारु

**पिछले चार दिन से बिजली गुल डीपी उठवाई अंधेरा पसरा**

**सामने आए मंत्री यशोधरा के निर्देशों के अनेदेखी के परिणाम**

शिवपुरी।





शहर में अब अवैध कॉलोनाइजेशन ना होने पाए इस संबंध में स्थानीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने पिछले दिनों जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को स्पष्ट रूप से चेताया था उनकी इस चेतावनी को ताक पर रखकर यहां कई नई कॉलोनियां अस्तित्व में आती जा रही हैं और लोग इन कालोनियों में भूखंड खरीद कर फि र मूलभूत सुख सुविधाओं की मांग को लेकर प्रशासन का घेराव करते दिख रहे हैं।

एक भी अवैध कालोनाईजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई और न एक भी पटवारी के विरुद्ध एक्शन हो पाया ऐसा ही एक मामला शहर के मदकपुरा पुरानी शिवपुरी क्षेत्र में शनिवार को सामने आया यहां पिछले 4 दिन से लोग बिना बिजली के इस भीषण गर्मी में बिलबिला रहे हैं और प्रशासन का घेराव करने पर आमादा हैं।

मामला महाराजा खेत सिंह नगर कॉलोनी का है जहां मदकपुरा में हवाई पट्टी के समीप भू-माफियाओं ने अवैध कॉलोनी खड़ी कर दी लोगों को यहां तमाम सब्जबाग दिखाकर भूखंड बेच डाले, मौके पर भू माफि या ने अपने निजी खर्च पर एक विद्युत डीपी भी रखवा दी और लोगों को यह भरोसा दिलाया कि यहां सभी मूलभूत सुविधाएं उन्हें मुहैया कराई जाएंगी। भूखण्ड बिक गए तो अब स्थिति यह बनी कि यह डीपी 4 दिन पूर्व उठा ली गई और पूरा क्षेत्र अंधकार में डूब गया बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के छिनने से खेत सिंह नगर निवासी आज जब जिला प्रशासन के पास अपना रोना रोने गए तो उन्हें डिप्टी कलेक्टर श्री गुप्ता ने दो टूक लहजे में कह दिया कि कॉलोनी अवैध है, और वहां किसी तरह की कोई मूलभूत सुविधा शासन के स्तर पर उपलब्ध करा पाना फि लहाल संभव नहीं है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने मोनू और धर्मेंद्र नामक भूमि विक्रेताओं से जब संपर्क साधा तो उन्होंने उनके साथ मारपीट का प्रयास तक किया भूमि विक्रेता कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है और इधर प्रशासन की हालत यह है कि वह कॉलोनी को तो अवैध ठहरा रहा है।

लेकिन इस कॉलोनी को अस्तित्व में लाने वाले भू माफि याओं के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई करने के नाम पर चुप्पी ओढ़े हुए है लोगों का कहना है कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है, उन्हें सभी मूलभूत सुविधाओं का झांसा देकर ठगा गया है और तमाम पैसे खर्च करने के बावजूद भी वह अपने इन घरों को वैधानिकता का अमलीजामा पहना पाने की स्थिति में नहीं हैं और यहां वहां से दुत्कारे जा रहे हैं दरअसल यहां यही हो रहा है पहले भूमाफि या अवैध कॉलोनाईजेशन करते हैं और जिम्मेदार पटवारी आरआई से लेकर अन्य राजस्व अधिकारी उनके इस कृत्य की अनदेखी करते हैं समय रहते अवैध कॉलोनाईजेशन नहीं रोका जाता और जब बसाहट हो जाती है तो वहां के निवासी



मूलभूत सुविधाओं की मांग शासन से करते हैं, नतीजतन अराजकता पूर्ण हालात निर्मित होते हैं। इन सभी स्थितियों को देखते हुए ही मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने प्रशासन से अवैध कालोनियों पर सख्ती से रोक लगाने और एफ आईआर दर्ज कराने तक की बात कही थी लेकिन प्रशासन के आला अधिकारियों ने इस कान सुनकर उनकी बात को दूसरे कान से निकाल दिया। नतीजा सामने है अब लोग इस खेत सिंह नगर से लेकर पीएस के पीछे बनी कॉलोनी और अन्य कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन करते दिखाई दे रहे हैं।

**बिजली की परेशानी झेल रहे कॉलोनी वासियों का टूटा सब्र का बांध**

चार दिन से बिजली की परेशानी झेल रहे कॉलोनी वासियों के सब्र का बांध टूट गया जिसके बाद जिस जमीन मालिक से उन्होंने प्लॉट खरीद कर मकान बनाया था उस जमीन से जुड़े व्यापरियों के घर रविवार को कॉलोनी वासी पहुँच गए और जमकर हंगामा खड़ा कर दिया।

जिसके बाद पुलिस ने पहुँचकर मामले को शांत तो करा दिया परन्तु उन परिवारों की समस्या का निदान न हो सका।

बता दें कि मोनू भगवती नाम के जमीन से जुड़े व्यापरियों ने महाराजा खेत सिंह नगर नाम कि कॉलोनी काटी थी जिसमें कॉलोनाइजर नियमों का पालन नहीं किया गया और उसी जमीन को धोखे में रखकर कई लोगों को प्लॉट भी बेच दिए।

जिसका दंश महाराजा खेत सिंह नगर के वाशिंदों को झेलना पड़ रहा है। बिधुत विभाग अब इस कॉलोनी में बिजली सप्लाई देने से इंकार कर रही है बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वह वह अबैध कॉलोनी है और जिस बिजली के ट्रांसफार्मर से कॉलोनी के निवासी बिजली सप्लाई ले रहे थे वह भी अब खराब हो चुका है।

इसी के चलते रविवार को कॉलोनी वासियों ने एक जुट होकर मौनू भगवती के घर पहुँच कर हंगामा खड़ा कर दिया।

## मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यस से क्राइसेस मेनेंजमेंट समूह सदस्यों से किया संवाद

**परिवार की तरह जिले को कोराना नियंत्रण के लिए किया सहयोग-प्रभारी मंत्री**







**अशोक नगर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश भर के जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, क्राइसेस मैनेजमेंट समूह के सदस्यों से संवाद किया। उन्होंने प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रोकथाम और आगामी समय मे कोरोना संक्रमण रोकने हेतु किए जाने वाले प्रयासों को लेकर सभी से चर्चा की। उन्होंने अनलॉक की स्थिति में विशेष सावधानी और कोरोना संक्रमण रोकने के सभी उपाय अपने का आह्वान किया।

उन्होंने आह्वान किया कि ग्राम, ब्लॉक और जिला स्तर की क्राइसेस मैनेजमेंट समूह के सभी सदस्य लगातार कोरोना संक्रमण रोकने और टीकाकरण के लिए प्रयास करें।

वीडियो कांफ्रेंस के माध्ड्यम से अशोकनगर जिला प्रभारी मंत्री श्री बृजेन्ड्द्र सिंह यादव ने मुख्ड्यमंत्री का धन्ड्यवाद करते हुए कहा कि आपने एक परिवार की तरह जिले को कोविड 19 के नियंत्रण के लिए काफी सहयोग किया है। आपके मार्गदर्शन में आगे भी कोरोना गाईडलाइन का पालन करते हुए कार्य करेंगे। इस कांफ्रेंस में ऑन लाइन जुडकर क्षेत्रीय सांसद डॉ.के.पी.यादव ने कहा कि जिले के स्ड़वास्ड़थ्ड़य संस्ड़थाओं में एक्ड़सरे मशीन सहित जरूरत के हिसाब से स्ड़वास्ड़थ्ड़य सामग्री उपलब्ड़ध कराई जाए। साथ ही जिला चिकित्ड़सालय में स्ड़वास्ड़थ्ड़य सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए एक और एम्ड़बुलेंस की उपलब्ड़धता राज्ड़य शासन द्वारा कराई जाए। अशोकनगर विधायक श्री जजपाल सिंह जज्जी ने कहा कि जिले में आउटसोर्स कर्मचारियों का भुगतान कांट्रेक्ड़टर द्वारा अविलंब करवाया जाए। कोरोना की दूसरी लहर के दौरान संविदा स्ड़वास्ड़थ्ड़य कर्मियों द्वारा बेहतर सेवाएं देकर अच्ड़छा कार्य किया है,इनकी सेवा अवधि एक वर्ष आगे बढाई जाए। मुख्ड़यमंत्री अनुग्रह योजनान्ड़तर्गत मिलने वाले लाभ के संबंध में कहा कि मृत्ड़यु प्रमाण पत्र हेतु आवश्ड़यक संशोधित गाईडलाइन जारी की जाए जिससे पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिल सके।

## मानसून हुआ मेहरबान शहर में 3 घंटे हुई झमाझम पहली ही बारिश में भदैयाकुंड का झरना हुआ शुरू




**शिवपुरी।** शनिवार की बीती रात जिले भर में तेज बारिश हुई यह बारिश शनिवार की रात लगभग तीन घंटे तक हुई इस बारिश से सीजन के शुरूआती दौर में ही भदैया कुंड का झरना बह निकला हालांकि बारिश ने लोगों की मुसीबत भी बड़ा दी, क्योंकि शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया।

जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा तो वही रन्नौद कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में अधिक बारिश हो जाने से नदी-नाले उफान पर आ गए जिससे आवागमन प्रभावित हो गया भदैया कुंड का झरना बहा मोहक नजारा देखने काफी लोग पहुंच गए।

शनिवार रात की बारिश के बाद शहर के नजदीक स्थित भदैया कुंड का झरना सीजन में पहली बार बहा रविवार की सुबह लोग पहुंचे तो झरना बहता मिला।

प्राकृतिक नजारे का लुत्फ उठाने के लिए काफी संख्या में लोग वहां पहुंच गए।

## अंतर्राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर जेसीआई शिवपुरी किरण का रक्तदान शिविर आज




**शिवपुरी।** रक्तदाताओं को रक्तदान हेतु प्रेरित करने और अंतर्राष्ट्रीय रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का सम्मान समारोह का का आयोजन स्थानीय होटल सनराईज में समाजसेवी संस्था जेसीआई शिवपुरी किरण के द्वारा किया जा रहा है कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए जेसीआई शिवपुरी किरण के अध्यक्ष यशवन्त गुप्ता व सचिव सुश्री सौम्या गुप्ता ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय रक्तदान दिवस 14 जून को पड़ता है।

ऐसे में यह दिन उन रक्तदाताओं के लिए प्रेरणा का दिन है जो ना केवल इस दिन रक्तदान करने की मंशा करते है बल्कि अन्य लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए रक्तदान भी करते है।

इसी क्रम में रक्तदाताओं को मोटिवेट करने के लिए जेसीआई शिवपुरी किरण संस्था के द्वारा ऐसे सभी रक्तदाता जो रक्तदान करना चाहते है वह आज 14 जून सोमवार को स्थानीय होटल सनराइज में संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में प्रातः 9÷00 बजे से दोप.1÷00 बजे तक पहुंचकर रक्तदान करें और ऐसे सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

रक्तदान महादान के संदेश के साथ इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कोई भी रक्तदाता जो रक्तदान करना चाहें वह संस्था के दूरभाष पर संपर्क कर सकते है। इसके लिए संस्था के द्वारा सभी से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में ब्लड डोनेट करें जो स्वेच्छा से ब्लड डोनेट करना चाहता है वह दिए हुए नंबर पर संपर्क कर सकता है जिनमें एनजीओ नंबर 8269183954, रोहित अग्रवाल 8827660221, कुलदीप शर्मा 9907671460 से संपर्क किया जा सकता है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द, सिंधिया का मंत्री बनना तय

**पिता के अधूरे कार्य पूरे करने पुत्र को जल्द मिल सकती है रेल मंत्रालय की कमान,पिता के रेल मंत्री रहते ग्वालियर को मिलीं थी कई सौगातें**



**शिवपुरी।** केंद्रीय मंत्रिमंडल का जल्द विस्तार होने जा रहा है और यह भी तय माना जा रहे कि इस मंत्रिमंडल विस्तार में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया का केंद्रीय मंत्री बनना तय है,इतना ही नही मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के साथ ही ग्वालियर चंबल अंचल में यह भी चर्चा चल निकली है कि सिंधिया अपने पिता के अधूरे सपनो को पूरा करने रेल मंत्रालय की कमान संभालेंगे।गौरतलब है कि ग्वालियर अंचल में रेल खंड का सर्वाधिक विस्तार तब ही हुआ था जब इनके पिता श्रीमन्त माधव राव सिंधिया केंद्रीय रेल मंत्री बने थे,उस समय न सिर्फ ग्वालियर रेलवे स्टेशन को सर्वसुविधायुक्त बनाया गया था बल्कि एक से एक बड़ी ट्रेनों का स्टॉपेज ग्वालियर में दिया गया था लेकिन उनके रेल मंत्रालय से हटने के बाद न सिर्फ धीरे कई ट्रेनों के स्टॉपेज खत्म किये गए बल्कि ग्वालियर अंचल को सौगातें भी न के बरावर ही मिल पाई।

## मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना अनाथ बच्चों का बनी सहारा

**योजनांतर्गत जिले में 03 बच्चों को मिला लाभ**

**अशोक नगर।** कोविड -19 से अनेक परिवारों में आजीविका उपार्जन करने वाले माता-पिता की आकस्मिक मृत्यु हुई है,ऐसे प्रभावित परिवारों के बच्चो को सहायता दी जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना आंरभ की गई है। इस योजना का उद्देश्य अनाथ बच्चो को आर्थिक एवं खाद्य सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि वे गरिमापूर्ण जीवन निर्वाह करते हुए अपनी शिक्षा भी निर्विघ्न रूप से पूरी कर सके। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कोविड-19 महामारी की द्वितीय लहर के दौरान हताहत हुए पीड़ित परिवारों के दुख-दर्द को महसूस करते हुए पीड़ित परिवारों के समस्त बच्चों, जिनके परिवार से उनके माता-पिता का साया उठ गया था।

## वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी संस्था मंगलम के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने किया कोरोना योद्धाओं को सम्मानित

शिवपुरी



श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के सौजन्य से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्रीमंत महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की प्रेरणा से वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी संस्था मंगलम के अध्यक्ष श्री राकेश सांवलदास गुप्ता ने शिवपुरी शहर में कोरोनाकाल के दौरान विषम परिस्थितियों में अपनी सेवाएं देने वाले कोरोना योद्धा वरिष्ठ पत्रकार श्री अशोक अग्रवाल जी, मंगलम ब्लड ग्रुप के श्री अमित खंडेलवाल जी, श्री वैभव कबीर ÷कुक्कू भाई÷ ,श्री अमित गोयल जी, श्री सिध्देश्वर महादेव सेवा समिति के श्री राजेन्द्र गुप्ता जी, राज रियल स्टेट के श्री राजेन्द्र पिपलौदा जी, साँवरिया ग्रुप के श्री रमन अग्रवाल जी, मंगलम संस्था एवं आर एस एस के श्री रानू रघुवंशी जी, श्री अमन गुप्ता जी व शुभम गर्ग मामा का सम्मान किया गया। कोरोना योद्धाओं के सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी संस्था मंगलम के अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता जी ने की मुख्य अतिथी के रूप में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदश्य श्री केशव सिंह तोमर ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री मुन्नालाल कुशवाह व पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्री इब्राहिम खान जी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद श्री इश्माइल खान जी, श्री पार्षद विवेक अग्रवाल जी, पार्षद श्री मदन देशवारी जी, श्री अजय अरोरा ÷पिंकी÷ जी, श्री दीपक गोयल जी, श्री कमलेश बंसल जी, अशोक गुप्ता जी, श्री विनोद भैया, श्री प्रतीक गुप्ता जी, श्री सोनू राजावत जी आदि भाजपा नेता , कार्यकर्ता व समाजसेवी उपस्थित रहे।

# अर्थव्यवस्था की सुध

पिछले वित्त वर्ष यानी 2020-21 में अर्थव्यवस्था की दशा भले ही बता रही हो कि हालत ठीक नहीं है। मगर हमें उस पहलू पर भी ध्यान देना होगा कि आज सिर्फ भारत ही नहीं दुनिया के लगभग सभी देश अर्थव्यवस्था का रोना रो रहे हैं। जब सरकारों के सामने जान और जहान में से किसी एक को चुनने का अवसर हो, तो कोई भी जहान को चुनना पसंद नहीं करेगा। यही बात निजी



जीवन में भी लागू होती है। पूरे साल में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी शून्य से 7.3 फीसद नीचे ही रहा। हालांकि चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2021) में मामूली सुधार दिखा और जीडीपी 1.6 फीसद रहा। इन आंकड़ों को देख कर हैरानी इसलिए नहीं होनी चाहिए कि अचानक जिस तरह के हालात बने, उनमें यह होना निश्चित था। महामारी का एलान होते ही मार्च 2020 के अंतिम हफ्ते में लॉकडाउन लगा दिया गया। इस दौरान कल-कारखानों, छोटे-मझोले उद्योगों और सीमेंट, कोयला बिजली, इस्पात, तेल व प्राकृतिक गैस जैसे अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में उत्पादन एक तरह से बंद ही रहा। इसलिए पहली तिमाही में जीडीपी 24 फीसद तक गिर गया था। ऐसा होने से रोक पाना संभव भी नहीं था। हां, पूर्णबंदी अगर सुविचारित और योजनाबद्ध तरीके से की गई होती, तो इस नुकसान को कम जरूर किया सकता था। महामारी को लेकर पूरा एक वित्त वर्ष हाहाकार में गुजरा। ऐसे विकट संकट को लेकर कोई पूर्वानुमान भी नहीं था। लोगों की जान बचाना प्राथमिकता रही। इसलिए हालात के अनुसार कदम उठाने के अलावा कोई चारा था भी नहीं। पहली तिमाही की मार का असर बाद की तिमाहियों पर पडऩा लाजिमी था। सिर्फ कृषि क्षेत्र ही था जिसने अर्थव्यवस्था को ढहने से बचाए रखा और चारों तिमाहियों में इसकी वृद्धि दर साढ़े तीन से साढ़े चार फीसद बनी रही। जबकि विनिर्माण, निर्माण और सेवा क्षेत्र की तो पहली तीन तिमाहियों में हालत बहुत ही खराब रही। इसका असर रोजगार, उत्पादन, मांग और खपत पर साफ दिखा। सरकार ने जो आंकड़े जारी किए हैं, वे भी इसकी पुष्टि कर रहे हैं। ले-देकर चौथी तिमाही में हालात संभलने लगे थे और इनका असर दिखा भी। महामारी और अर्थव्यवस्था के मौजूदा हालात को देखते हुए पिछले साल हुए नुकसान की भरपाई आसान नहीं है। लेकिन उससे सबक तो लिए ही जा सकते हैं। आज हालात और ज्यादा चिंताजनक इसलिए भी हैं कि देश दूसरी लहर का सामना कर रहा है। और लहरों की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि सरकार का दावा है कि दूसरी लहर का असर ज्यादा नहीं पडऩे वाला। पर ताजा आकंड़े बता रहे हैं कि इस साल मई में वाहनों की बिक्री गिरी है, पेट्रोल-डीजल की खपत में कम हुई है, उद्योगों में बिजली की मांग में कमी आई है, उत्पादन फिर से दस महीने के न्यूनतम स्तर पर आ गया, एक करोड़ से ज्यादा लोग बेरोजगार हो गए हैं और 97 फीसद परिवारों की आय घट गई है। हाल में रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था की जो तस्वीर पेश की है, उसे गौर से देखा जाए तो वह कम निराशाजनक नहीं है। इससे ज्यादा दूसरी लहर का और क्या असर होना बाकी है?

# अव्यवस्था के जंगलराज में नष्ट हो रहें जंगल

**सोनम लववंशी**

पर्यावरण और जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं। एक में भी छेड़छाड़ करने का असर दूसरे पर भी पड़ता है। अब तक की आई महामारियों ने इस बात को और भी साफ़ कर दिया है। पर्यावरण और महामारियों के बीच पुराना सम्बंध रहा है। वह चाहें साल 1347 में यूरोप में फैली ब्लैक डेथ की बात हो, अमेरिका में 1610 में आया चेचक हो या फ़िर 1918 का स्पैनिश फ़्लू। हर दफ़ा पर्यावरणीय सन्तुलन के साथ खिलवाड़ होने पर किसी न किसी महामारी ने हमें आईना दिखाया है। पिछले दो दशकों को ही ले लीजिए दुनिया ने कई वायरस जनित बीमारियों का सामना किया है। इतना ही नहीं अब तक फैलने वाली चार में से तीन महामारियां जानवरों से इंसानों में आई है। वहीं पर्यावरणविदों की मानें तो वनों की अंधाधुंध कटाई, क़ुदरत द्वारा प्रदत्त संसाधनों का अतिदोहन और जानवरों के असामान्य भक्षण ने जैव विविधता की डोर को ही नहीं तोड़ा है, अपितु इसका खामियाजा हमें भी भुगतना पड़ रहा है।

भले ही कोरोना जानवरों से आदमी में आया यह थ्योरी अभी सत्यता के तराजू पर न मापी गई हो, लेकिन कोरोना काल ने जैव विविधता के संरक्षण और वन संरक्षण की अहमियत को बता दिया है। कोरोना की दूसरी लहर में लोगों को ऑक्सीजन की कमी से मरते हुए शायद ही कोई हो जिसने न देखा हो। महामारी के इस दौर में ऑक्सीजन की किल्लत से यह बात साफ हो गई कि एक प्रकृति ही है जो बीना किसी मोल के हमारी जरूरतों को पूरा करती है।

कोरोना की दूसरी लहर में मौत का भयावह मंजर मध्यप्रदेश ने भी देखा है, लेकिन इसी बीच मध्यप्रदेश का बकस्वाहा जंगल सुर्खियों में बना हुआ है। जिसकी वजह यहां के जंगलों में हीरे की खान होने की बात कही जा रही है। कहा जा रहा है कि यहां पन्ना से भी 15 गुना अधिक हीरा मौजूद हो सकता है। जिसे निकालने के लिए इस वन क्षेत्र को नष्ट करने की बात हो रही है। अब सवाल यह उठता है कि वन ज्यादा जरूरी है या फिर हीरे? इसको लेकर सरकार से लेकर आमजन के अपने-अपने तर्क हो सकते हैं। लेकिन बड़ी बात यही है कि कोरोना काल से हमनें क्या सीख ली है? क्या कोई और तरीका नही हो सकता जिससे हीरे भी निकाले जा सके और इस वन क्षेत्र को भी सुरक्षित बचाया जा सके। इस क्षेत्र में करीब 2.5 लाख पेड़ है जो कि 382.131 हेक्टेयर जंगल मे है, जिन्हें काटने की बात कही जा रही है। इसकी शुरुआत 20 साल पहले प्रोजेक्ट डायमंड बंदर के सर्वे के रूप में ही की जा चुकी थी। तो वही 2 साल पहले प्रदेश सरकार ने इस जंगल की नीलामी तक कर दी थी जिसे आदित्य बिड़ला समूह की एससेल्स माइनिंग एंड इंडस्ट्रीज ने 50 साल की लीज पर लिया है। 62.64 हेक्टेयर जमीन को मध्यप्रदेश सरकार ने लीज पर दे रखा है वही कंपनी 382.131 हेक्टेयर जंगल की मांग कर रही है। उनका कहना है कि इस जंगल से निकले मलवे को डंप करने के लिए उन्हें यह जमीन चाहिए। अगर ऐसा होता है तो यह तय मानिए की इससे बक्सवाहा का पूरा जंगल ही स्वाहा हो जाएगा।

प्रकृति ने मनुष्य को जल और जंगल देकर अपना अटूट प्रेम बरसाया है। पर मानव ने अपने स्वार्थ के चलते इन्हें नष्ट करने में कोई कोर कसर नही छोड़ी है। देखा जाए तो हमारी कई सभ्यताएं जंगलों में ही विकसित हुई है। लेकिन वर्तमान समय में हमारे जंगल घटते जा रहे है। कोरोना काल मे जिस तरह से ऑक्सीजन की किल्लत से जनता त्राहिमाम् त्राहिमाम कर रही थी उसे कौन भूल सकता है। इंडियन काउंसिल ऑफ फारेस्ट्र रिसर्च एंड एजुकेशन में एक पेड़ की औसत उम्र 50 साल मानी गयी है। इन 50 सालों में एक पेड़ 23 लाख 68000 रुपये



कीमत का वायु प्रदूषण को कम करता है । साथ ही 20 लाख की कीमत का भू -क्षरण को भी नियंत्रित करता है।

अब यहां लाख टके का सवाल यही उठता है कि हीरा जरूरी है या फिर जंगल? हीरा निकालने के लिए जंगल की कटाई कितनी सही है? यह सरकार को सोचना होगा, क्योंकि क़ीमत सिर्फ़ हीरे की नहीं उस पेड़ की भी है। जिसपर तलवार लटकी हुई है। बुंदेलखंड का क्षेत्र पहले से ही सूखा ग्रस्त की श्रेणी में आता है। इन पेड़ों की कटाई के बाद यह क्षेत्र ओर वीरान हो जाएगा। इन जंगलों के दुर्लभ वृक्ष के साथ ही इन जंगलों में निवास करने वाले जीव जंतुओं का भी विनाश तय है। एक तरह से देखा जाए तो पूरी प्राकृतिक संरचना ही नष्ट होती दिखाई पड़ रही है। पर हमारे राजनेताओं को इस बात से कहा फर्क पड़ना है। उन्हें तो सिर्फ इस वन में चमचमाते हीरो की चमक ही दिखाई दे रही है। ऑक्सीजन की किल्लत से मरते लोग महज एक आंकड़ा थे, है और रहेंगे। जो हीरे से प्राप्त आंकड़े के सामने शायद कुछ भी नहीं।

देखा जाए तो सदियों से मानव ने जंगलों का विनाश ही किया है। अपनी भोग विलास की लालसा को पूरा करने के लिए मनुष्य ने जंगलों को बर्बरता से उजाड़ा है। यही सिलसिला मुसलसल अभी भी जारी रहा तो वह दिन दूर नही जब हमारी सभ्यता ही खतरे में पड़ जाएगी। एक अनुमान के मुताविक जंगलों का दसवां भाग तो पिछले 20 सालों में ही खत्म हो गया है। बात सिर्फ़ मध्यप्रदेश की करें तो यहां भी बीते दो-चार वर्षों में जंगल घटे ही हैं।इन जंगलों की कटाई कभी नए नगर बसाने के नाम पर तो कभी खनन के नाम पर की जा रही है। अगर इसी तरह वनों का विनाश जारी रहा तो वह दिन दूर नही जब इस धरती से पूरी तरह से वनों का सफाया हो जाएगा। तब न ही अमेजन के जंगलों का रहस्य बच पाएगा और न हिमालय के जंगलों की सम्पदा बच पाएगी। ग्लोबल वॉर्मिंग की ओर बढ़ती दुनिया में हम जिन वनों से कुछ उम्मीद लगा सकते हैं, वे तो पूरी तरह खत्म हो जाएंगे।

कोरोना काल में ऑक्सीजन की किल्लत के बीच मध्यप्रदेश के सीहोर में एक नज़ीर पेश की गयी थी। यहां सागौन का पेड़ काटने पर एक किसान पर 1 करोड़ 21 लाख रुपए का भारी भरकम जुर्माना लगाया गया था।अब सवाल यही उठता है कि जब वन विभाग बक्सवाहा में खुद पेड़ों को काटने के लिए गिनती कर रहा है, तो फिर दोषी किसे माना जाएगा? इतना ही नहीं इस अव्यवस्था के ÷जंगलराज÷ का असल जिम्मेदार कौन होगा? आख़िर में सिर्फ़ क्या सवाल इतने बड़े हीरे की खान मध्यप्रदेश के घने जंगल मे ही क्यों मिली, वह देश के बंजर भूमि में भी तो मिल सकती थी, लेकिन मानव की परीक्षा शायद प्रकृति भी ले रही। अब यह मानव के विवेक पर निर्भर करता है। वह क्या करेगा?

## धर्म का मूल केंद्र है वर्तमान

धर्म जगत ने धर्म को केवल परलोक के साथ जोड़कर भारी भूल की है। इसका परिणाम यह हुआ कि धर्म का असली प्रयोजन तिरोहित हो गया। वह स्वर्ग-सुखों के प्रलोभन और नरक-दुख के भय से जुड़ गया। हर धर्म-प्रवर्तक ने धर्म को जीवन से जोड़ा, किंतु धर्म-परंपराओं ने उसे स्वर्ग और नरक से जोड़ दिया। धर्म का मूल केंद्र वर्तमान है न कि भूत और भविष्य। हम वर्तमान क्षण को कैसे जियें, धर्म का सारा दर्शन इसी पर टिका हुआ है। वर्तमान विषम है तो भविष्य भी विषम होगा। यदि वर्तमान सम और सुखमय है तो भविष्य भी सम और सुखमय ही होगा। यानी भविष्य वैसा ही होगा जैसा वर्तमान है। इसीलिए धर्म का असली प्रयोजन वर्तमान को सजाने-संवारने का है। इस केंद्रीय विचार से भटक जाने के कारण धर्म भूत और भविष्य में उलझ गया। वर्तमान को उसने बिल्कुल ही भुला दिया। इसलिए लोगों ने वर्तमान को केवल अतीत का परिणाम मान लिया। इससे भाग्यवाद की विचारधारा का जन्म हुआ। भाग्य को बदला नहीं जा सकता, इसलिए वे वर्तमान से विमुख हो गए और भविष्य की चिंता में पड़ गए। जिसके पास कोठी, महंगी कार और विदेशों में छुट्टी मनाने के साधन हैं, वे अतीत के परिणाम हैं। जो वैभव-संपन्न नहीं हैं, वे जप-तप में इसलिए लगे हैं ताकि भविष्य में भी साधन-संपन्न बन सकें। ऐसे में धर्म का पूरा उद्देश्य ही बदल गया। जो आत्म-केंद्रित था, वह वस्तु-केंद्रित हो गया। जो वस्तु-विमुख था, वह वस्तु-सम्मुख बन गया। इसी विचार के फलस्वरूप धर्म के नाम पर व्यापार और सौदेबाजी चलने लगी। जहां भी प्रलोभन और भय है वहां धर्म नहीं है। धर्म है आत्म उज्ज्वलता का साधन। धर्म है सोई हुई शक्तियों के पुनर्जागरण का उपादान। यह है आत्म-स्वभाव में रमण। धर्म ही है आत्म शांति और विश्व शांति का एकमात्र साधन। वर्तमान जीवन को आनंदपूर्ण बनाने का गुर। भगवान महावीर ने कहा है- आत्मा ही नरक है, आत्मा में ही स्वर्ग है, आत्मा में ही बंधन है, आत्मा में ही मोक्ष है। जिसके भीतर नरक नहीं, उसके लिए बाहर कहीं भी नरक नहीं। जिसके भीतर स्वर्ग नहीं, उसके लिए बाहर कहीं भी स्वर्ग नहीं।

# एलोपैथी बनाम आयुर्वेद व्यर्थ का विवाद

**डॉ. नीलम महेन्द्र**

एलोपैथी और आयुर्वेद को लेकर पिछले कुछ दिनों से देश में जंग छिड़ी हुई है। आईएमए और बाबा रामदेव की आपसी बयानबाजी से कोविड की वर्तमान परिस्थितियों में आम आदमी पर क्या प्रभाव पड़ रहा होगा इस विषय में सोचे बिना दोनों में विवाद जारी है। हालांकि बाबा रामदेव द्वारा अपना बयान वापस ले लिया गया है लेकिन फिर भी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बाबा पर एक हजार करोड़ रुपए की मानहानि के दावे के साथ न्यायालय पहुंच गया है। इतना ही नहीं दोनों के बीच का विवाद देशद्रोह के आरोपों तक पहुंच गया है। एक तरफ रामदेव को कॉरपोरेट बाबा और व्यापारी बाबा जैसे विशेषण दिए गए तो आईएमए पर पंखा, तेल, साबुन,पेंट और बल्ब जैसी वस्तुओं को प्रमाणित कर उनका प्रचार करने के आरोप लगे। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने तो यहाँ तक कहा कि जिन विदेशी कंपनियों से पैसा लेकर आईएमए सर्टिफिकेट बांट रहा था उसकी दुकान बाबा के कारण ठप्प हो रही है। कुल मिलाकर ऐसा प्रतीत होने लगा कि पूरे के पूरे विवाद का कारण व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा है। लेकिन ऐसे दौर में जब हमारा देश ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व ही बेहद जटिल एवं संवेदनशील परिस्थितियों से गुज़र रहा है, उस समय चिकित्सा विज्ञान की दो पद्धतियों का खुद को बेहतर बताने की होड़ में एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए आरोप प्रत्यारोप का यह घटनाक्रम वाकई में दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर गंभीरता से बात की जाए तो आयुर्वेद और एलोपैथी चिकित्सा विज्ञान की दो अलग अलग ऐसी पद्धतियाँ हैं जिनका रोग अथवा रोगी के प्रति प्रारंभिक दृष्टिकोण ही नहीं अपितु उसके इलाज और बीमारी के डायग्नोसिस की भी अलग प्रक्रिया है। देखा जाए तो रोगी को स्वस्थ्य करने के लक्ष्य के अतिरिक्त दोनों में कोई समानता ही नहीं है।

एलोपैथी की बात करें तो 19 वीं सदी में यह यूरोप और नार्थ अमेरिका में आस्तित्व में आई थी। यह सर्वविदित है कि आज की तारीख में एलोपैथी सबसे वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति है। लगातार रिसर्च और अनुसंधान तथा अत्याधुनिक तकनीक के दम पर यह चिकित्सा विज्ञान रोज प्रगति कर रहा है। आज शरीर का कोई अंग खराब हो जाए तो सफलता पूर्वक उनका प्रत्यारोपण किया जा सकता है, स्टेम सेल थेरेपी से कैंसर जैसी कई बीमारियों का इलाज किया जा सकता है, टीबी पोलियो काली खाँसी चेचक जैसे अनेक जानलेवा रोगों से बचाव के लिए वैक्सीन का निर्माण भी आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की ही देन हैं। बीमारी का पता लगाने के लिए विभिन्न प्रकार की जांचों में आधुनिक तकनीक का प्रयोग में भी एलोपैथी आयुर्वेद से कहीं आगे है। इतना ही नहीं जब बात लाइफ सेविंग ड्रग्स या फिर दुर्घटना की स्थिति में अथवा अत्यधिक रक्तस्राव जैसी किसी इमरजेंसी परिस्थितियों की आती है तो आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का कोई तोड़ नहीं होता है।

वही आयुर्वेद की अगर बात करें तो इसका इतिहास कुछ सौ दो सौ साल पुराना नहीं बल्कि हज़ारों साल पुराना है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि इसका हज़ारों साल पुराना होना इसकी सबसे बड़ी ताकत होनी चाहिए थी लेकिन आज यही इसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन गई है। कहना गलत नहीं होगा कि भारत की इस प्राचीन चिकित्सा पद्धति पर रिसर्च और अनुसंधान के आधार पर इसमें समय के साथ जो बदलाव होने चाहिए थे इस पर कार्य करना तो दूर की बात है सोचा तक नहीं गया। दरअसल आयुर्वेद जो कि भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है केवल अर्थर्ववेद का ही अंश नहीं है बल्कि भारत के सनातन इतिहास का भी अंग है। सनातन इतिहास में आयुर्वेद के द्वारा चिकित्सा का उल्लेख कभी रामायण में लक्ष्मण को मूर्छा से बाहर लाने के लिए संजीवनी बूटी के उपयोग के रूप में मिलता है तो कभी महाभारत से लेकर हमारे देश के अनेकों पौराणिक साहित्य के विवरणों में मिलता है। इतिहास की अगर बात करें तो 300 बीसी यानी आज से 2300 साल पहले भारत मे आचार्य चरक ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को उसकी पहचान दी थी यही कारण है कि उन्हें फादर ऑफ इंडियन मेडिसिन भी कहा जाता है। और चरक से भी 500 साल पहले 800 बीसी में यानी आज से 2800 साल पहले आचार्य सुश्रुत को भारत में शल्य चिकित्सा यानी सर्जरी पर पुस्तक सुश्रुतसंहिता की रचना की थी और इन्हें भारत ही नहीं विश्व भर में फादर ऑफ सर्जरी के साथ साथ फादर ऑफ प्लास्टिक सर्जरी भी कहा जाता है। आज भी प्लास्टिक सर्जरी पर सुश्रुत संहिता को ही विश्व के प्राचीनतम ग्रंथ के रूप में स्वीकार किया जाता है। कारण कि सुश्रुतसंहिता में जिन शल्य चिकित्साओं का वर्णन किया गया है।

# सौहार्द्र की परीक्षा से गुज़रता उत्तर प्रदेश

### सूडोकु नवताल-5741

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5740 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

**निर्मल रानी**

देश के सबसे बड़े व राजनैतिक एतबार से सबसे महत्वपूर्ण समझे जाने वाले राज्य उत्तर प्रदेश में जैसे जैसे विधान सभा के आम चुनाव का समय नज़दीक आता जा रहा है,यहां न केवल चुनावी तैयारियों से संबंधित सरगर्मियां तेज़ हो चुकी हैं बल्कि समाज को ध्रुवीकृत किये जाने का काम भी शुरू हो चुका है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी वैसे तो लगभग सभी चुनावों में राम मंदिर के मुद्दे को आगे रख कर वोट हासिल करती रही,इस बार भी पार्टी द्वारा राम मंदिर निर्माण के श्रेय के नाम पर वोट मांगा जा सकता है। परन्तु मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ का %हिंदुत्व % राम मंदिर तक ही सीमित नहीं नज़र आता। बल्कि इनकी राजनीति का दारोमदार ही मुसलमानों के प्रति न केवल अविश्वास बल्कि नफ़रत के माध्यम से स्थाई रूप से सांप्रदायिकतावादी राजनीति करना प्रतीत होता है। इन दिनों राज्य में इस तरह की अनेक ऐसी घटनाएं घटित हो रही हैं जो योगी सरकार के मुसलमानों के प्रति रवैये को दर्शाती हैं। साफ़ तौर से ऐसा लग रहा है कि हिंदुत्व के नाम पर सत्ता के शीर्ष तक पहुँचने के सफल प्रयोग से प्रेरित होकर बहुसंख्यवाद की अतिवादी राजनीति करने के लिए योगी ने भाजपा से भी अधिक %उग्र हिंदुत्व% के रास्ते पर चलने का फ़ैसला कर लिया है।

उदाहरण के तौर पर गत 17 मई को बाराबंकी ज़िले की रामस्नेही घाट में तहसील परिसर में निर्मित कथित तौर पर लगभग सौ वर्ष पुरानी %ग़रीब नवाज़ मस्जिद% के नाम से प्रसिद्ध एक मस्जिद



को मध्यरात्रि में प्रशासन द्वारा बुलडोज़र चला कर ध्वस्त कर दिया गया। इस मस्जिद को %तहसील वाली मस्जिद% भी कहा जाता था। ज़िला प्रशासन ने इसे %अवैध निर्माण% बताकर बुलडोज़र से गिरा दिया। यह मस्जिद 1968 से उत्तर प्रदेश राज्य वक़्फ़ बोर्ड की संपत्ति के रूप में दर्ज है। इतना ही नहीं बल्कि उससे भी पहले वर्ष 1959 से मस्जिद का बिजली का कनेक्शन मौजूद है। जबकि मस्जिद के समीप नए तहसील परिसर का निर्माण 1992 में हुआ। और इसके बाद इस मस्जिद के सामने एसडीएम आवास का निर्माण कराया गया। इससे पूर्व पुराना तहसील भवन इसी मस्जिद भवन के पीछे की ओर था। स्थानीय लोग बताते हैं कि योगी सरकार से पहले प्रशासन के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को इस मस्जिद से कोई तकलीफ़ नहीं थी। राज्य सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड के चेयरमैन ज़फ़र अहमद फ़ारूक़ी साफ़ तौर से कहते हैं कि ÷ मस्जिद को गिराया जाना स्थानीय प्रशासन की हठधर्मिता के सिवा कुछ भी नहीं है। मस्जिद के प्रबंधक भी कहते हैं कि मस्जिद को लेकर आज तक कभी कोई विवाद ही नहीं हुआ उसके बावजूद प्रशासन ने बुलडोज़र चला कर मस्जिद भवन ध्वस्त कर दिया।

उपरोक्त प्रकरण से जुड़ी एक और चौंकाने वाली ख़बर यह भी है कि इस मस्जिद को ढहाए जाने का आदेश जिस प्रशासनिक अधिकारी व तत्कालीन ज्वाइंट मैजिस्ट्रेट दिव्यांशु पटेल द्वारा जारी किया गया वह चूँकि एक प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारी था लिहाज़ा उसे अपनी प्रशिक्षण अवधि में इस प्रकार का आदेश जारी करने का कोई अधिकार ही नहीं था। सोचा जा सकता है कि जो अधिकारी अपने प्रशिक्षण काल में ही ऐसी वैमनस्य पूर्ण मनोभावना से ग्रसित है उससे उसके पूरे सेवाकाल के दौरान सौहार्द्र पूर्ण व निष्पक्ष फ़ैसलों की क्या उम्मीद की जा सकती है।फ़िलहाल सरकार ने दिव्यांशु पटेल को सीडीओ के रूप में उन्नाव स्थानांतरित कर दिया है। एक तरफ़ जहां समाजवादी पार्टी, कांग्रेस,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व भीम पार्टी जैसे व अन्य राजनैतिक दलों के लोग सरकार के इस विद्वेष पूर्ण क़दम का विरोध कर रहे हैं वहीं सरकार ने मस्जिद की जगह को समतल बनाकर वहां स्वतंत्रता संग्राम स्मारक बाल उद्यान के नाम का एक उद्घाटन पत्थर लगा दिया गया है तथा 3 जून 2021 की तारीख़ अंकित किये इस पत्थर पर स्थानीय विधायक सतीश चंद्र शर्मा भाजपा विधायक,दरियाबाद तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह के नाम उदघाटनकर्ताओं के रूप में अंकित किये गए हैं।

## भगवान धर्मनाथ का मोक्ष कल्याणक

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

राजा भानु एवं महारानी सुप्रभा फैजाबाद के निकट रत्नपुर गांव में रहते थे। उन्हीं के यहां पंद्रहवें (15वें) तीर्थंकर धर्मनाथ का जन्म माघ शुक्ल त्रयोदशी के दिन हुआ। राजा भानु, महारानी सुप्रभा और परिवार के अन्य राज सदस्य भगवान धर्मनाथ के जन्म के पूर्व धर्म-कर्म में लगे रहते थे। वहां नित्य हो रहे यज्ञ-हवन, व्रत-उपासना दान-पुण्य आदि के चलते पूरे राज्य में धार्मिक वातावरण निर्मित हो गया था। उसी के फलस्वरूप शिशु के जन्म के बाद उनका नाम धर्मनाथ पड़ गया। धार्मिक वातावरण और राजसी वैभव के बीच धर्मनाथ का लालन-पालन हुआ। युवावस्था में आने पर राजा भानु ने उनका विवाह कर राज्याभिषेक भी कर दिया।

भगवान बनने से पूर्व धर्मनाथ के शासन काल में पूरे राज्य में अधर्म का नामोनिशान तक नहीं था। वे साक्षात धर्म के अवतार थे। लाखों वर्ष तक धर्मपूर्वक शासन करने के पश्चात एक दिन उन्हें उल्कापात देखकर बोध हो गया कि उनका जन्म केवल भोग-विलास के लिए नहीं, बल्कि जनकल्याण के लिए हुआ है। उसी क्षण उन्होंने राजपाठ त्यागने का निर्णय लिया।

अतः अपने पुत्र सुधर्म का राज्याभिषेक करके स्वयं मुनि-दीक्षा लेकर वन विहार कर लिया। एक वर्ष के घोर तप के



पश्चात पौष माह की पूर्णिमा के दिन उन्हें कैवल्य ज्ञान प्राप्त हुआ और वे त्रिकालदर्शी तीर्थंकर बन गए। भगवान धर्मनाथ के अनुयायियों की संख्या लगभग 8 लाख थी जिनमें गणधर, शिक्षक, कैवल्य ज्ञानी, मुनि, आर्यिकाएं, श्राविकाएं और श्रावक शामिल थे। आपका प्रतीक चिह्न- वज्र है। वज्र इंद्र देव का शस्त्र है इसलिए इन्द्र को वज्रपाणि कहा जाता है। वज्र कठोरता का प्रतीक भी माना गया है, जो हमें यह शिक्षा देता है कि ?जीवन में हमें कितना भी दुख क्यों ना मिले, फिर भी हमें वज्र के समान कठोर रहकर दुख को सहन करना चाहिए और घोर दुख में भी धर्म के पदचिह्नों पर चलना चाहिए। मनुष्य रूप में भगवान धर्मनाथ दस लाख वर्ष तक पृथ्वी पर रहें। फिर ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष कड़ी चतुर्थी के दिन सम्मेदशिखरजी पर निर्वाण प्राप्त करकेसदा के लिए मुक्त हो गए। पिता - राजा भानु माता - सुव्रता देवी जन्म स्थान - रत्नपुरी जन्म कुल - इक्ष्वाकु वंश।

# नैनो न्यूज

## शादी में नहीं बुलानेपर युवक की मारपीट

भिण्ड, ब्यूरो। लहार थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.8 में एक युवक को शादी में नहीं बुलाया तो उसके साथ तीन लोगों ने एकराय होकर गाली-गलौज किया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 8.40 बजे परशुराम पुत्र हरीसिंह कुशवाह निवासी वार्ड क्र.8 जिसने उसी मोहल्ला निवासी महेन्द्र पुत्र छक्कीलाल, केशव पुत्र छक्कलाल, पिंटू पुत्र छक्कलाल को शादी में नहीं बुलाया तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## फसल के पंजीयन हेतु दस्तावेज आवश्यक

भिण्ड। ग्रीष्म कालीन मूंग फसल के पंजीयन के लिए निम्न लिखित दस्तावेज आवश्यक है। पंजीयन 8 जून से 16 जून तक किये जायेंगे। विगत खरीफ एवं रवी विपणन में जिन किसानो द्वारा समर्थन मूल्य पर खाद्यान विक्रय करने ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराया गया है। ऐसे किसान को दस्तावेज आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है। यदि आधार नम्बरए बैंक खाता नम्बरए मोबाइल नम्बर में परिवर्तन हुआ तो प्रमाण स्वरूप पंजीयन के समय प्रदान करे। जिन किसानो ने विगत खरीफ ध्रबी पंजीयन नहीं कराया गया का एवं ई उपार्जन पोर्टल पर डाटाबेस नहीं हैं ऐसे किसान पंजीयन केन्द्र पर पंजीयन हेतु आधार नम्बर, बैंक खाता नम्बर, मोबाइल नम्बर एवं निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगा।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया अज्ञात, संदेही पर कराया मामला दर्ज

भिण्ड। रौन थाना क्षेत्र के ग्राम नीजासेन का पुरा मछण्ड निवासी किशोरी घर से बिना बतायें कहीं चली गई, नावालिग को खोजने के लिए परिजनों ने रिश्ते-नातेदारों में तलाश किया, फिर भी उसका पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर संदेही युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विगत मंगलवार दोपहर 2 बजे 15 वर्षीय 6 माह की किशोरी निवासी नीजासेन का पुरा मछण्ड निवासी को अज्ञात व्यक्ति कहीं बहला फुसलाकर ले गया। परिजनों शुक्रवार शाम थाने पहुंचकर संदेही युवक सुरेन्द्र सिंह पुत्र सेवाराम दौहरे निवासी चटसारी अमायन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## खाद्य प्रसंस्करण हेतु वेबिनार ऑनलाइन प्रशिक्षण

भिण्ड, ब्यूरो। उद्यमिता विकास केन्द्र मप्र सेडमैप भोपाल द्वारा भिण्ड जिले के युवाओं हेतु खाद्य प्रसंस्करण पर आधारित उद्योग व्यवसाय स्थापनार्थ ऑनलाइन वेबिनार प्रशिक्षण का आयोजन 17 जून से 21 जून तक पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त वेबिनार में प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्योग व्यवसाय, स्वरोजगार स्थापना के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनानाए राष्ट्रीय फूड प्रोसेसिंग नीति और लाइसेसिंग प्रक्रिया पेकेजिंग आदि की विस्तृत जानकारी प्रदाय की जावेगी। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रोत्साहनकारी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारीए खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में विभिन्न विभागों की विशेष ऋण योजनाऐं, आवश्यक मशीनरी उपकरणए कच्चा माल पूंजी लागत की जानकारी विभिन्न विषय विशेषज्ञोंए तकनीकी अधिकारियों के द्वारा प्रदाय की जावेगी। कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए आप अपना पंजीयन जिला समंवयक अश्विनी शर्मा के मोबाइल नं 7000299686 के माध्यम से भी करा सकते है।

# जाति, धर्म के भेदभाव को छोड़कर राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोना है: प्रवीण वार्ष्णेय

### लोगों को उनके मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों से परिचित कराना ही प्रथम उद्देश्य

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर



एटा। जिला मुख्यालय पर रविबार एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण वार्ष्णेय और राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र गोयल ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स जिला इकाई की भी घोषणा की गई।

इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण वासनिक ने बताया कि एडीएचआर का मूल उद्देश्य व्यक्ति को उसके संवैधानिक, मौलिक अधिकारों की रक्षा संरक्षण संवर्धन के प्रति जागरूक करना है। हम हर असहाय, गरीब, मजदूर एवं जरूरतमंद व्यक्ति को सहायता उपलब्ध कराने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ, प्रचार प्रसार कर सरकार और आम आदमी के बीच में एक सेतु का कार्य करते हैं। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि एडीएचआर सरकार एवं अदालतों द्वारा आम आदमी को मौलिक अधिकार प्रदान करने का कार्य करता है। यह बिना भेदभाव जाति, लिंग, ऊंच-नीच छोटा, बड़ा आदि के भेद को मिटा कर राष्ट को एक सूत्र में पिरोता है। इस अवसर पर राष्टीय प्रवक्ता देवेंद्र गोयल ने कहा कि हमारा प्रथम उद्देश्य मौलिक अधिकारों की रक्षा और हर व्यक्ति को न्याय दिलाना है। इसके साथ ही हम रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, व्यक्तित्व विकास शिविर आदि सामाजिक कार्यों के द्वारा व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने का प्रयास भी करते हैं साथ ही मानवतावादी गतिविधियों के सभी रूपों को प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर एडीएचआर की जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए रंजीत कुमार वार्ष्णेय को जिला अध्यक्ष, गौरव कुमार सिंह को जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार, अनुज कुमार गुप्ता, जिला महासचिव अनुज कुमार वार्ष्णेय, जिला कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार सिंह, जिला विधि सचिव अधिवक्ता अवनीश कुमार, उमेश कुमार, पद्मेश नंदन वार्ष्णेय, जिला मीडिया सचिव विकास सहित 10 सदस्यों की नियुक्ति की गई।

इस दौरान नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि मैं पूरी जिला कार्यकारिणी की तरफ से राष्टीय पदाधिकारियों को विश्वास दिलाता हूं कि जनपद में व्यक्ति के मानव अधिकारों की रक्षा संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य पूरी लगन एवं मेहनत के साथ करूंगा, जिससे आम आदमी के मानव अधिकारों की रक्षा होगी। वहीं जिला महासचिव अनुज कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि हम जल्द से जल्द पूरे जिले में विस्तार के साथ-साथ तहसील स्तर पर भी इकाइयों का गठन कर मानव अधिकार की मुहिम को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। वहीं अंत में एडीएचआर की ओर से सभी मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।

# मेहगांव पुलिस ने पकड़ी 60 पेटी शराब वह 30 लीटर ओपी शराब कुल 10 लाख की अवैध शराब और अवैध शराब बनाने का कारखाना

संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर



मेहगांव तेरा 6 2021 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम महुआ के हार में परसोत्तम शर्मा के ट्यूबवेल पर शराब बनाने की फैक्ट्री लगा कर अवैध रूप से भारी मात्रा से शराब का निर्माण किया जा रहा है उक्त सूचना से से तस्करी की गई तो परसोत्तम के बोर की छत पर शराब बनाने की मशीन लगाकर शराब निर्माण करना पाया गया तथा मौके पर आरोपी परसोत्तम शर्मा पुत्र श्री गोविंद शर्मा उम्र 48 साल निवासी ग्राम महुआ तथा देवेंद्र शर्मा पुत्र पुत्र राम शर्मा ग्राम 42 साल निवासी ग्राम पन्ना थाना में गांव के शराब बनाते हुए मिले तथा कस्बे से 60 पेटी देसी प्लेन शराब की बनी हुई तथा 300 लीटर ओ पी शराब जो 6 केन में भरी थी 2 ड्रम जिसमें 1 एक ड्रम मैं शराब पैकिंग करने की टोटी लगी हुई थी एक मशीन सील करने की मशीन थी तथा एक एल्कोहल की मात्रा मापने का थर्मामीटर 5000 खाली क्वार्टर दो गन्ना पीपीटी खाली 200 दक्कन तथा कांटों पर चिपकाने वाले रेफर 2150 धड़कनों पर चिपकाने वाले रेफर 230 पेटी सील करने वाले टैब की विधि करीब 1000000 रुपए की शराब जप्त की गई आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि शैतान सिंह बदरिया निवासी बारासत थाना गोरमी एवं गोलू उर्फ जितेंद्र परमार निवासी हजीरा ग्वालियर दीपू और दीपेंद्र पुत्र बाबूराम शर्मा निवासी इमलिया थाना में गांव राहुल पुत्र देवी दयाल ह्यड्ड्ह्ल्द्धड्ड निवासी हनुमान रोड मेहगांव विवेक पुत्र विनोद शर्मा निवासी हनुमान रोड मेंहगांव के मिलकर अवैध शराब का निर्माण कर रहे थे मशीन रेफर और बारदाना और ओ पी शराब का इंतजाम शैतान सिंह भदोरिया कर रहा था तथा शैतान सिंह भदोरिया अपनी टाटा सुमो गाड़ी से भिंड जिले में सप्लाई कर रहा था आरोपी से ओपी शराब के संबंध में बरामद शुदा एवं कारखाना के संबंध में विद्युत पूछताछ की जा रही है आरोपी गणों के विरुद्ध थाना मेहगांव में अपराध क्रमांक 240/ 21 धारा 34 (1)च, 34 (2)49 क आबकारी एक्ट का काम किया गया है एवं प्रकरण में आरोपी शैतान सिंह व भोलू और जितेंद्र परमार जो फैक्ट्री संचालन करने के सरगना है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी 34 (2 आबकारी एक्ट तथा अन्य प्रकरण पंजीकृत है जिनकी सरगर्मी से तलाश की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इनकी रही भूमिका श्री आरकेएस राठौर एसडीओपी में गांव निरीक्षक डी पी एस तोमर थाना प्रभारी मेहगांव उप निरीक्षक सुरेश शर्मा थाना मेंहगांव उप निरीक्षक विवेक प्रभात थाना मेहगांव उप निरीक्षक राजवीर शर्मा राजवीर यादव आरक्षक 674 आरक्षक 675 पदम सिंह विष्णु भदोरिया 1100 आरक्षक प्रदीप तोमर आरक्षक 544 प्रदीप पचौरी 1180 आरक्षक शिवदयाल एवं आरक्षक चालक सतीश शर्मा थाना में आओ की अहम भूमिका रही।

# 20 संगठनों ने सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन देकर की मांग

### मीट मंडी दूसरी जगह बने और गौरी सरोवर क्षेत्र को धार्मिक क्षेत्र घोषित करें



**संतोष सिंह भदौरिया।** भिण्ड / श्री राष्टीय क्षत्रिय महासभा कई महीनों पहले से चला रही थी मीट मंडी वहां से हटाने की मुहिम पहले भी कई बार कलेक्टर को दे चुके हैं ज्ञापन । महासभा के प्रमुख राष्टीय संरक्षक एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पूर्व सिटी एस पी अशोक भदौरिया और प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र राजावत के निर्देश पर (अजय प्रताप सिंह भदौरिया मसूरी चंबल संभाग अध्यक्ष युवा मोर्चा) भी कल सिंधिया को ज्ञापन देने उपस्थित रहे और उन्होंने गौरी सरोवर श्रंगार समिति और अन्य संगठन के लोगों के साथ मिलकर एडवोकेट शैलेंद्र सांकरी के नेतृत्व में 10 सूत्रीय मांगों के साथ सिंधिया जी को ज्ञापन सौंपा 20 अन्य संगठन के अलग अलग प्रतिनिधि भी रहे उपस्थित अगर जल्द मांगे पूरी नहीं की गई तो उग्र आंदोलन करने की बात कही हालांकि सिंधिया जी ने सभी को आश्वासन दिया है कि जल्द आपकी मांगो को पूरा किया जाएगा ।

**यह रही प्रमुख मांगे:** मीट मंडी अन्यत्र स्थानांतरित की जाए । गौरी सरोवर क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त हो । सरोवर क्षेत्र आध्यात्मिक क्षेत्र घोषित हो। सरोवर क्षेत्र स्वच्छ कराया जाए। परिक्रमा पथ निर्मित कराया जाए। नालों को बंद कराकर निर्मल पानी भरा जाए। दूसरी जगह आधुनिक मांस मंडी बनाई जाए। वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। आयुर्वेद व पर्यटन गतिविधियां बढ़ाई जाएं।

# विश्व रक्तदान दिवस पर रितेश कटरे की कलम

### रक्तवीर हवालदार मुकेश पन्द्रे की पहल-रक्तदान है जीवनदान




रक्तदान सबसे बड़ा दान है, और जो व्यक्ति रक्त का दान करता है,वह सबसे बड़ा दाता होता है और वह इसलिए क्योंकि उसे यह भी पता नहीं होता कि उस व्यक्ति का रक्त किस व्यक्ती को लगने वाला है। ब्लड यानी खून एक ऐसी चीज है, जिसे बनाया ही नहीं जा सकता। इसकी आपूर्ति का कोई और विकल्प भी नहीं है। यह इंसान के शरीर में स्वयं ही बनता है। कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है, कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता प? जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करके, अनगिनत जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने के उद्देश्य से हर साल 14 जून को पूरे विश्व में %रक्तदाता दिवस% मनाया जाता है। रक्तदान जीवनदान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई ज़िंदगियों को बचाता है। इस बात का अहसास तो हमें तब होता है, जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। उस वक्त हम नींद से जागते हैं और उसे बचाने के लिए खून के इंतजाम की जद्दोजहद करते हैं। अनायास दुर्घटना या बीमारी का शिकार हममें से कोई भी हो सकता है। आज हम सभी शिक्षि?त व सभ्य समाज के नागरिक है, जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए भी सोचते हैं तो क्यों नहीं हम रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और लोगों को जीवनदान दें। आज एक ऐसे ही रक्तवीर की हम बात कर रहे हैं। एक एसा रक्तवीर जो मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में हवालदार के पद पर जिला उमरीया में पदस्थ हैं। आपकी जन्मभूमि वार्ड नंबर 8, तहसील बैहर जिला बालाघाट है और आपकी कर्म स्थली 17 अप्रैल 2002 से जिला उमरिया मध्य प्रदेश में हवालदार के पद पर पदस्थ रह कर अपनी जम्मिदारियों का निर्वहन कर रहे हैं आपका नाम मुकेश पन्द्रे है। आपने ब्लड डोनर ग्रुप इंडिया के नाम से एक ग्रुप बनाया है, जिसके माध्यम से आपके द्वारा समुचे हिंदुस्तान में रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता है। अब तक आपके प्रयासों से 2000 देशवासियों की सेवा की जा चुकी है। 12 राज्यों में आपकी टीम के वालंटियर मौजूद हैं जो सतत संपर्क संदेशों का आदान प्रदान कर हर जरूरतमंद को रक्त पंहुचा रहे हैं। आपके प्रयासों से पूरे देश भर में अब तक पांच हजार यूनिट रक्तदान कराया गया है। परसूराम सेना के द्वारा कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान दी गई सेवा ने मानवता की एक नई मिसाल पेश की है जिसके लिए परसूराम सेना के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। वहीं टीम जीवनदाता उज्जैन के द्वारा भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है।श्री राष्टीय राजपूत करणी सेना खण्डवा के द्वारा रक्तवीर सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमिटी से की चर्चा

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे।** होशंगाबाद।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों की जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारियों से चर्चा की तथा उन्होंने कोरोना की रोकथाम में क्राइसिस मैनेजमेंट कमिटी द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्यों की सराहना की । मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना यद्यपि नियंत्रण में आया है किंतु कोविड-19 अनुकूल व्यवहार करके हमें आने वाले समय में तीसरी लहर को रोकना है। मुख्यमंत्री चौहान द्वारा प्रदेश के समस्त 52 जिलों में कोरोना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की एवं जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों से चर्चा की । इस दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय होशंगाबाद के एनआईसी कक्ष में विधायक होशंगाबाद डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजय पाल सिंह, विधायक सिवनीमालवा प्रेम शंकर वर्मा,दर्शन सिंह चौधरी, श्रीमती माया नारोलिया पुलिस उप महानिरीक्षक जगत सिंह राजपुत ,कलेक्टर होशंगाबाद धनंजय सिंह,जिला पंचायत सीईओ मनोज सरियाम सहित जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्य उपस्थित है।

# मैडम सरकार को बदनाम मत करो आमजन की समस्याओ का समाधान करो: धर्मेन्द्र मीणा

विनोद पाठक ब्यूरो।



**श्योपुर।** श्योपुर नगर पालिका के कई वार्डो मे साफ सफाई एव पानी निकासी नही होने के कारण आम जनता परेशान है भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र मीणा ने आज रविवार को वार्ड 10 की समस्या सहित शहर के कई वार्डो की लोगो की परेशानी नगर पालिका अधिकारी सुश्री मिनी अग्रवाल सहित नगर पालिका के अधीनस्थ कर्मचारियों को मोके पर बुलाकर वार्ड नम्बर 10 का नाला जो 20 वर्ष पूर्व बना था वह जगह जगह चोक हो जाने के कारण उसमे से पानी निकासी ठीक से नही पाती है और जगह जगह नाला टूट भी चुका है जिससे नाले के साइड जिन लोगो के मकान बने हुए है उनमें शीलन हमेशा बनी रहती है जिसके कारण छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर प?ता है श्री मीणा ने बताया कि पाली रोड पप्पू के होटल से मोहनजी के बगीचे तक नाले की जगह वी सेफ नालिया बनाई जाए और जिधर ढलान हो उधर नालियों में मिला दी जाए तब जाकर पानी निकासी ठीक से हो पायेगा नगर पालिका के टेक्निकल लोग अनटेक्नी कल लोगो की तरह अपने कर्तव्यो को कर काम की इतिश्री कर लेते है इनको कोई मतलब नही काम ठीक से हो पाया की नही इनको तो अपना हिस्सा ठीक से हो जाये उसकी चिंता रहती है श्री मीणा ने कहा मेडम इस से आप की ओर हमारी सरकार की छवि भी धूमिल होती है सरकार ने आपको नगर विकास के लिए भेजा है नगर विनाश के लिए नही इसलिए आप ओर आप के कर्मचारी कुम्भकर्ण की नींद में सोए हुए उसमे कसावट करो जिससे नगर के लोगो को हो रही परेशानी को दूर किया जा सके साथ ही जिन वार्डो की स?कें स्वीकृत हो चुकी है और बेपरवाह ठेकेदार द्वारा काम लेने के बावजूद भी ठेकेदार काम शुरू नही कर रहे है तो ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ भी रिपोर्ट कराये ओर उनकी फर्म को ब्लैक लिस्टेड करे क्योंकि सरकार हो या नगर सरकार ये सब जनता के हितों को देखते हुए अपना काम करती है लेकिन श्योपुर में तो ऐसा हो रहा है सब अपना अपना भजन बनाने में लगे हुए है जिम्मेदारो का कोई ध्यान नही है!

# पलटवार: अवैध उत्खनन को लेकर झंडा उठाने को मैं तैयार हूं: डॉ गोविंद सिंह

### रमेश दुबे बयान पर पूर्व मंत्री का पलटवार

### उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा कि 14 जून को मैं भिंड आकर उत्खनन रोकने में आपसे भेंट करूंगा

### हो सके तो ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी करे इस आंदोलन में आमंत्रित

लहार (अर्पित गुप्ता) ।



कॉग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री व लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह ने एक समाचार पत्र के हवाले से भाजपा नेता रमेश दुबे को पत्र लिखा है जिसमे उन्होंने कहा है कि अबैध उत्खनन के खिलाफ मैं झंडा उठाने को तैयार हूं उंसके लिये मैं 14 जून को भिंड आ रहा हूँ लहार क्षेत्र में अबैध उत्खनन रोकने हेतु आपसे भेंट करूंगा साथ ही लहार में किस किस रेत खदान पर अबैध उत्खनन हो रहा है उंसके संबंध धरना प्रदर्शन की रूपरेखा बनाकर भिंड कलेक्टर को ज्ञापन देकर 16 जून से ही धरना प्रदर्शन को तैयार हूं मुझे प्रसन्नता है कि भाजपा कार्य समिति के सदस्य होने के नाते प्रदेश में सत्तारू? भाजपा के कारनामे उजागर करने में आप जैसा नेता इस पवित्र कार्य मे मेरे साथ रहेगा। आपसे यह भी उम्मीद है इस पवित्र कार्य मे सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी आमंत्रित कर ले तो उचित होगा डॉ सिंह अंत मे कहा है कि मेरा चाल चरित्र चेहरा स्पस्ट है प्रदेश सरकार में मंत्री रहते हुये भी मैने रेत उत्तखन्न का मुद्धा उठाकर अपनी ही सरकार को चेताने का काम किया था यदि आपका साथ रहा तो भाजपा सरकार के कारनामे उजागर करने में मैं पीछे नही रहूंगा खनन माफिया कोई भी किसी राजनैतिक संगठन का हो उसे बक्शा नही जाए उंसके खिलाफ कठोर कार्यवाही हो उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह घोषणा याद दिलाते हुए कहा कि मुख्य मंत्री ने कहा था कि माफियाओं को गड्ढे में गाढ़ देंगे इस संबंध बे मुहूर्त कब निकालेंगे।


# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती गोले के मंदिर चौराहे पर धूमधाम से मनाई गई



**अमित शर्मा रिपोर्टर।** ग्वालियर / वैदिक मंत्रोचार द्वारा पुष्प कमल जलाभिषेक कर आज सुबह प्रातः 10ः00 महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला प्रमुख महामंत्री महेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि युगपुरुष महाराणा प्रताप की जयंती आज दिनांक 13.6.2021 को प्रातः 10ः00 बजे गोले का मंदिर चौराहे पर धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर जन्मोत्सव पुष्प चंदन जलाअभिषेक कर वैदिक मंत्रोचार द्वारा पूजन किया गया तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें युगपुरुष महाराणा प्रताप के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया संगोष्ठी में जिला अध्यक्ष रामकुमार सिंह सिकरवार ने कहा कि महाराणा प्रताप हम सबके प्रेरणा स्रोत हैं उनका जीवन दर्शन अनवरत रूप से पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ी से प्रेरणा ले सकें और कहां की महा प्रताप ने आजीवन कभी अधीनता स्वीकार नहीं की एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने मांग की है जैसे समाज ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित की है जबकि सरकार को चाहिए कि वह संसद भवन में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित की जाए क्यों कि इससे समाज को देश को प्रेरणा मिलती रहे इस अवसर पर प्रमुख रूप से जितेंद्र सिंह कुशवाह श्रीमती रेशु राजावत महेंद्रसिंह तोमर सत्येंद्र सिंह भदोरिया बाबू सिंह राठौड़ अरविंद सिंह तोमर श्याम सिंह तोमर चंद्रप्रकाश राजावत सुखबीर तोमर बृजेश बेस् पंकज सिंह राठौर विपिन तोमर धनेंद्र सिंह चौहान सोनू भदोरिया अमन सिंह चौहान गौरव सिकरवार आदि लोग उपस्थित रहे।

# नैनो न्यूज

## पीएसएल से हटे तेज गेंदबाज हसन अली




**लाहौर (ए)।** इस्लामाबाद यूनाइटेड के तेज गेंदबाज हसन अली ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन 6 के शेष सत्र से अपना नाम वापस ले लिया हे। ऐसे में अब वह आगे के मैचों में खेलते हुए दिखाई नहीं देंगे। वह निजी कारणों से पीएसएल 6 से शेष सत्र से हटे हैं। हसन ने अपने एक बयान में कहा, ÷मैं इस्लामाबाद यूनाइटेड के सभी प्रशंसकों से कहना चाहता हूं कि व्यक्तिगत कारणों से मुझे शेष पीएसएल मैचों से बाहर होना पड़ रहा है क्योंकि परिवार क्रिकेट से भी ज्यादा अहम होता है। मैं इस्लामाबाद यूनाइटेड टीम का शुक्रगुजार हूं जिससे मेरी परेशानी को समझा। यह टीम वास्तव में एक परिवार है जो हर मुश्किल समय में आपके साथ खड़ी है। मैं बाकी पीएसएल मैचों के लिए टीम को शुभकामनाएं देता हूं। वहीं इस्लामाबाद यूनाइटेड के कप्तान शादाब खान ने माना कि हसन के नहीं होने से टीम को नुकसान होगा पर कहा कि कुछ चीजें क्रिकेट से भी ज्यादा महत्वपूर्ण होती हैं। शादाब ने कहा, हम हसन की स्थिति को समझते हैं, परिवार हमेशा पहले आता है। हम हसन को शुभकामनाएं देते हैं। वह निश्चित रूप से हमारी टीम और टूर्नामेंट के लिए एक बड़ा नुकसान होगा, लेकिन कुछ चीजें क्रिकेट से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। इस्लामाबाद यूनाइटेड हमेशा ही एक परिवार की तरह एक-दूसरे की देखभाल करता है और हम ये सिलसिला जारी रखेंगे।

## कोच सिल्वरवुड ने माना, इंग्लैंड टीम का प्रदर्शन निराशाजनक

**लंदन(ए)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने माना है कि टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन उनके बल्लेबाज नाकाम रहे। सिल्वरवुड ने कहा कि बल्लेबाजों को सुधार करने की आवश्यकता है। इसके अलावा युवा अवसर ना मिलने पर निराश हैं। कोच ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है। मैं झूठ नहीं बोलने जा रहा हूं, मैंने सोचा था कि यह कुछ युवा लड़कों के लिए खेल पर अपनी छाप छोड़ने का एक अच्छा मौका था। मुझे यकीन है कि एक या दो खिलाड़ी निराश होंगे पर वे ऐसा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, हम कब बात करना बंद कर देते हैं और देना शुरू कर देते हैं? मुझे लगता है कि हमें शुरुआत को अब बड़े स्कोर में बदलना शुरू करना होगा। यही एक चीज है जिसे हम ढूंढ रहे हैं। सिल्वरवुड को लगता है कि जोस बटलर और बेन स्टोक्स के रूप में एक युवा पक्ष वापस आ जाएगा। सिल्वरवुड ने कहा, हमारे पास सीमित अनुभव के साथ एक बहुत ही युवा बल्लेबाजी क्रम है। जो रूट एक ऐसा व्यक्ति है जिसे आप कहेंगे कि शीर्ष 7 में अनुभव है। उन्होंने आगे कहा, बटलर और स्टोक्स के अनुभव को वापस पाने से युवा खिलाड़ियों को भी मदद मिलेगी।

## वीवो वाय73 र्स्मार्टफोन 64 एमपी कैमरा से लैस

**नई दिल्ली(ए)।** भारतीय मार्केट में चाइनीज कंपनी वीवो ने अपना नया वीवो वाय73 लॉन्च किया है। इसमें स्टाइलिश डिजाइन और स्टनिंग कलर्स के साथ पेश किया गया है। इसे 8 जीबी की रैम, 33डब्ल्यू फ्लैश चार्जिंग, ट्रिपल रियर कैमरा जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इस फोन को डायमंड फ्लेयर और रोमन ब्लैक कलर में उपलब्ध कराया जाएगा। इस फोन को एक ही वेरिएंट में पेश किया गया है जो 8 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज वेरिएंट के साथ आता है। इसकी कीमत 20,990 रुपये है। इसे वीवों इंडिया ई-स्टोर अमेजन, फलीपकार्ट, पेटीएम, टाटाक्लीक, बजाज ईएमआई स्टोर और सभी रिटेल पार्टनर स्टोर्स से खरीदा जा सकेगा। जैसा कि हमने आपको बताया फोन को एक ही वेरिएंट में पेश किया गया है जो 8 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज वेरिएंट के साथ आता है। इसकी कीमत 20,990 रुपये है। फोन को अगर आप ऑनलाइन खरीदते हैं तो आपको एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड व ईएमआई ट्रांजेक्शन्स पर 1,000 रुपये का इंस्टेंट डिस्काउट दिया जाएगा। साथ ही वन टाइम स्क्रीन रिप्लसमेंट और 9 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई ऑफर दिया जा रहा है। इसमें 6.44 इंच का टचस्क्रीन एफएचडी प्लस एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। इसका पिक्सल रेजोल्यूशन 2400म1080 है। यह फोन मीडियाटेक हेलियो जी95 प्रोसेसर और 8 जीबी की रैम से लैस है।

# डब्ल्युटीसी फाइनल में बुमराह, शमी सहित 5 गेंदबाजों को मिलेगा मौका: आकाश चोपड़ा

### वो बुमराह, शमी, इशांत, अश्विन और रवींद्र जडेजा को फाइनल में मैदान पर देखना चाहेंगे



**नई दिल्ली(ए)।** विराट कोहली की अगुआई में टीम इंडिया 18 से 22 जून के बीच न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्स्युटीसी फाइनल 2021) का ऐतिहासिक खिताबी मुकाबला खेलेगी। पूरी दुनिया यह फइनल देखने के लिए बेताब है। टीम इंडिया इंट्रा स्क्वाड अभ्यास कर रही है। विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, ऋषभ पंत बल्लेबाजी का जमकर अभ्यास कर रहे हैं और हर किसी को इनसे काफी उम्मीद भी है। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब शो में बताया कि फाइनल में भारत की गेंदबाजी लाइन अप में पांच गेंदबाजों को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि अगर इस पिच के इतिहास को देखा जाए तो यह पिच बाद में घूमती है। ऐसे में चौथे और पांचवें दिन स्पिनर का विकल्प मौजूद होना चाहिए। चोपड़ा ने कहा कि फाइनल में भारत और न्जीलैंड इंग्लैंड में आमने सामने हो रहे हैं और दोनों के लिए ही यह न्यूट्रल वेन्यू हैं।

इस वजह से एक अच्छी पिच की उम्मीद की जा सकती है। टॉस का ज्यादा महत्व नहीं होना चाहिए। गेंद टर्न होगी, क्योंकि इंग्लैंड के मैदान पर ड्राइंग का जो तरीका हो गया है, उससे नमी खींच लेती हैं। स्क्वॉयर से भी नमी चली जाती है। आकाश चोपड़ा ने कहा कि वो जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा, आर अश्विन और रवींद्र जडेजा को फाइनल में मैदान पर देखना चाहेंगे। वहीं एक फैन के पूछने पर कि क्या अब क्रिकेट की क्वालिटी को बेहतर करने के लिए भारत की दो टीमें खेला करेगी। इसके जवाब में पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा कि ऐसा दिखेगा, क्योंकि अभी कोरोना गया नहीं है।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल को देखते हुए ही दूसरे टेस्ट में उतरा: बोल्ट

**बर्मिंघम(ए)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा है कि भारत के साथ होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) मुकाबले को देखते हुए ही वह इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में शामिल हुए। बोल्ट के अनुसार पहले वह यह मैच नहीं खेलना चाहते थे पर बाद में उन्हें लगा कि नेट अभ्यास की जगह मैदान में उतरना अच्छा रहेगा। इससे उन्हें डब्ल्यूटीसी मुकाबले के लिए अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। बोल्ट मई में आईपीएल के स्थगित होने के बाद से ही अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते थे। इसलिए वह टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर नहीं आए थे। वह बाद में इंग्लैंड पहुंचे और पृथकवास नियमों में राहत मिलने के कारण दूसरे टेस्ट में चयन के लिए उपलब्ध थे। बोल्ट ने कहा कि मुझे शुरूआत में इस मैच में खेलने की उम्मीद नहीं थी। बाद में हालत ठीक हो होने पर मुझे लगा कि मैदान में उतरना अधिक बेहतर होगा।

## अश्विन ने बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ सफलता का कारण बताया




**नई दिल्ली(ए)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर रविचंद्नन अश्विन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ सबसे सफल गेंदबाज माने जाते हैं। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 200 बार बाएं हाथ के बल्लेबाजों के विकेट लिए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ इस साल फरवरी में चेन्नई टेस्ट में स्टुअर्ट ब्रॉड को आउट करने के साथ ही ये आंकड़ा पूरा किया था। वह 143 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। अब अश्विन ने बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ अपनी सफलता के कारणों को बताया है। अश्विन ने कहा है कि बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ वह इतने सफल इसलिए हैं क्योंकि वह लगातार लाइन और लेंथ बदलने के साथ अलग-अलग गेंदों का इस्तेमाल करते हैं। उनका प्रयास रहता है बल्लेबाज को दोनों तरफ गेंद डालें। जिससे उसपर दबाव बना रहे।

उन्होंने आगे कहा कि मेरी कोशिश एंगल बदलकर गेंदबाजी करने की रहती है। कभी मैं ओवर द विकेट, तो कभी राउंड द विकेट गेंदबाजी करता हूं। ऐसे में गेंद बल्ले का किनारा लेकर या तो विकेट की तरह जाती है या स्लिप, शॉर्ट लेग और सिली पॉइंट के फील्डर तक पहुंच जाती है। ऐसे में विकेट लेने की संभावनाएं हमेशा बनी रहती है और बाएं हाथ के बल्लेबाजों के सामने हमेशा चुनौती बनी रहती है।

अश्विन अब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी असरदार साबित हो सकते हैं। इसका कारण है कि कीवी टीम में टॉम लैथम, डेवोन कॉनवे और हेनरी निकोल्स जैसे बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। इसमें कॉनवे शानदार फॉर्म में हैं।

## विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में बोल्ट को खेलते समय सतर्क रहें रोहित : सहवाग




**नई दिल्ली(ए)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के अनुसार 18 जून से साउथम्पटन में न्यूजीलैंड के साथ होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और ट्रेंट बोल्ट के बीच अच्छी टक्कर देखने को मिलेगी। सहवाग के अनुसार हाल के दिनों में जिस प्रकार से रोहित ने खेला है उसे देखते हुए यह तय है कि इस मुकाबले में रोहित सफल रहेंगे पर उन्हें शुरुआत में सतर्क रहना होगा। सहवाग का मानना है कि रोहित की काबिलियत और शीर्ष क्रम में उनके फार्म को देखते हुए निश्चित रूप से वह इंग्लैंड में टेस्ट मैचों की सीरीज में भी सफल रहेंगे। सहवाग ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि बोल्ट और तेज गेंदबाज टिम साउदी की जोड़ी भारतीय बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी करेगी। यह दोनो ही गेंदबाज अलग-अलग तरीकों से गेंद को मूव कर सकते हैं और साझेदारी में गेंदबाजी करते हुए खतरनाक बन सकते हैं। इसलिए मैं बोल्ट और रोहित के बीच मुकाबला देखना चाहूंगा। अगर रोहित क्रीज पर जम जाते हैं और बोल्ट के शुरूआती स्पैल को खेलते हैं तो इसे देखना शानदार रहेगा। रोहित के लिए इंग्लैंड के हालातों में पारी शुरु करने का पहला मौका होगा, हालांकि उन्हें साल 2014 में टेस्ट खेलने के अनुभव से सहायता मिलेगी। रोहित शानदार बल्लेबाज हैं और वह पहले भी साल 2014 में इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट खेल चुके हैं इसलिए मुझे लगता है कि वह काफी अच्छी तरह से गेंदबाजों का सामना करेंगे जैसा कि हमने हाल में देखा जब उन्होंने बल्लेबाजी की शुरुआत की थी।

## केएल राहुल ने रवींद्र जडेजा की गेंद पर मारा गगनचुंबी छक्का, बीसीसीआई ने शेयर किया वीडियो




**नई दिल्ली(ए)।** टीम इंडिया 18 जून से न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्स्युटीसी फाइनल 2021) का खिताबी मुकाबला खेलने मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम अभी साउथप्टन में इंट्रा स्क्वॉयड मुकाबले खेल रही है। शुक्रवार से शुरू इस मुकाबले में पहला दिन ऋषभ पंत के नाम रहा तो दूसरे दिन केएल राहुल छा गए। बीसीसीआई ने दूसरे दिन के मैच का एक वीडियो जारी किया जिसमें राहुल रवींद्र जडेजा को बाहर निकलकर लंबे छक्के लगाते दिख रहे हैं। इसके अलावा वीडियो में भारतीय विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा भी शार्दुल ठाकुर की गेंद पर लंबा छक्का लगाते हुए दिख रहे हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल में रोहित शर्मा का खेलना तय है। दूसरे ओपनर के तौर पर भारत के पास केएल राहुल, मयंक अग्रवाल और शुभमन गिल का विकल्प है। इस मैच के पहले दिन गिल ने शुभमन गिल ने 135 गेंद पर 85 रन बनाकर ओपनिंग स्लॉट पर अपना दावा ठोका है। वहीं दूसरी ओर प्रचंड फॉर्म में चल रहे ऋषभ पंत का खेलना तय है। पंत ने पहले दिन 94 गेंदों पर नाबाद 121 रन बनाए थे। ऐसे में साहा को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ही खेलना का मौका मिलेगा। तीसरे नंबर चेतेश्वर पुजारा, चौथे नंबर पर विराट कोहली और पांचवें नंबर अजिंक्य रहाणे का खेलना तय है। अभ्यास मैच में विराट कोहली गेंदबाजी भी करते हुए नजर आए। अभ्यास मैच में कप्तान बनाम कप्तान में कोहली ने केएल राहुल को इनस्विंग डिलीवरी की। जिसका वीडियो शेयर करते हुए बीसीसीआई ने फैंस से पूछा कि आगे क्या हुआ होगा। बीसीसीआई ने स्ट्रेट ड्राइव, डिफेंस और एलबीडब्ल्यू तीन विकल्प भी दिए। टीम इंडिया जहां वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पहले इंट्रा स्क्वॉयड के मैच खेल रही है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। उसमें न्यूजीलैंड की टीम हावी रही थी। दूसरे मैच में न्यूजीलैंड जीत की कगार पर है।

## चुनौतियों के बावजूद ओलंपिक में दोहरे अंक में पदक मिलने का यकीन: आईओए अध्यक्ष बत्रा

**नई दिल्ली(ए)।** कोरोना महामारी व अन्य चुनौतियों के बावजूद भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा को उम्मीद है कि तोक्यो ओलंपिक में भारत के पदकों की संख्या दोहरे अंक में होगी। उन्होंने कहा कि ओलंपिक जा रहे किसी खिलाड़ी को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कोई परेशानी नहीं है। क्रिकेट से लेकर फुटबॉल तक लगभग हर खेल में लगातार बायो बबल में रह रहे खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य का मसला लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। बत्रा ने कहा,कोरोना काल से पैदा हुई परिस्थितियां दुनिया भर के लिये समान है लेकिन खिलाड़ियों ने इसका डटकर सामना किया है। वे सकारात्मकता के साथ अभ्यास कर रहे हैं और अब प्रतिस्पर्धा का इंतजार है। उन्होंने कहा, भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी अच्छी है और हम शुरू से दोहरे अंकों में पदक जीतने की बात करते आये हैं और अब भी उस पर अडिग हैं। बत्रा ने बताया कि समूचे भारतीय दल को इस महीने के आखिर तक या जुलाई के पहले सप्ताह तक कोरोना के दोनों टीके लग जायेंगे।

## वनप्लस नॉर्ड 2 के फीचर्स हो गए लीक

**नई दिल्ली(ए)।** लांच से पहले ही वनप्लस नॉर्ड 2 के फीचर्स ऑनलाइन लीक हो गए हैं। समझा जा रहा है कि स्पीड और मल्टीटास्किंग के लिए वनप्लस नॉर्ड 2 स्मार्टफोन को मी?डियाटेक डायमेंसीटी 1200 एसओसी के साथ उतारा जा सकता है। संभवत~ यह नया वनप्लस मोबाइल भारत में पिछले साल लॉन्च हुए वनप्लस नॉर्ड का अपग्रेड हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, वनप्लस नॉर्ड 2 में 6.43 इंच फुल-एचडी+ एमोलेड डिस्प्ले है और इसका रिफ्रेश रेट 90 एचझेड है।

स्क्रीन साइज की बात करें तो यह पिछले साल लॉन्च हुए वनप्लस नॉर्ड की तुलना में थोड़ी छोटी है।फोन के बैक पैनल पर तीन रियर कैमरे दिए जा सकते हैं, 50 मेगापिक्सल प्राइमरी कैमरा, साथ में 8 मेगापिक्सल का सेकेंडरी कैमरा और 2 मेगापिक्सल का तीसरा कैमरा सेंसर। सेल्फी के लिए फोन के फ्रंट में 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा सेंसर दिया जा सकता है। याद दिला दें कि वनप्लस नॉर्ड में कंपनी ने 48 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा सेंसर दिया था। स्पीड और मल्टीटास्किंग के लिए मीडियाटेक डाइमेंसिटी 1200 ऑक्टा-कोर प्रोसेसर के साथ फोन दो वेरिएंट में उतारा जा सकता है, 8 जीबी रैम/128 जीबी स्टोरेज और 12 जीबी रैम/256 जीबी स्टोरेज।

## सेंसेक्स की प्रमुख पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ बढ़ा

### दस कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही



**नई दिल्ली(ए)।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 1,01,389.44 करोड़ रुपए बढ़ा। सबसे अधिक लाभ आईटी क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, आइसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार मूल्यांकन घट गया। बीते सप्ताह टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 47,551.31 करोड़ रुपए बढ़कर 12,10,218.64 करोड़ रुपए, इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 26,227.28 करोड़ रुपए बढ़कर 6,16,479.55 करोड़ रुपए, रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 14,200.35 करोड़ रुपए बढ़कर 14,02,918.76 करोड़ रुपए, बजाज फाइनेंस की 7,560.02 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 3,69,327.31 करोड़ रुपए और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 5,850.48 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 5,56,041.95 करोड़ रुपए रहा। इसके ?विपरीत एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 10,968.39 करोड़ रुपए घटकर 4,61,972.21 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक का 8,249.47 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 8,20,091.77 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 4,927.52 करोड़ रुपए घटकर 4,40,035.66 करोड़ रुपए, भारतीय स्टेट बैंक का 3,614.47 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 3,83,356.69 करोड़ रुपए और कोटक महिंद्रा बैंक की बाजार हैसियत 2,924.02 करोड़ रुपए घटकर 3,55,927.86 करोड़ रुपए रह गई।



## डिस्कॉम पर जेनको का बकाया अप्रैल में 11.2 प्रतिशत घटकर 81,628 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली(ए)।** बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर बिजली उत्पादक कंपनियों (जेनको) का बकाया इसी साल अप्रैल में एक साल पहले की तुलना में 11.2 प्रतिशत कम होकर 81,628 करोड़ रुपए रह गया। पिछले साल अप्रैल तक डिस्कॉम पर बकाया 91,915 करोड़ रुपए था। पेमेंट रैटिफिकेशन एंड एनालिसिस इन पावर प्रोक्यूरमेंट फॉर ब्रिंगिंग ट्रांसपैरेंसी इन इन्वॉयसिंग ऑफ जेनरेशन (प्राप्ति) पोर्टल से यह जानकारी मिली है। डिस्कॉम पर बिजली उत्पादकों का बकाया सालाना के साथ माह-दर-माह आधार पर लगातार बढ़ा है, जो क्षेत्र में दबाव का संकेत देता है। हालांकि, मार्च, 2021 में इसमें कुछ कमी शुरू हुई थी। अप्रैल में डिस्कॉम पर जेनको का बकाया मार्च की तुलना में बढ़ा है। मार्च में यह 78,841 करोड़ रुपए रहा था। मार्च में डिस्कॉम पर कुल बकाया पिछले साल के समान महीने की तुलना में 3.4 प्रतिशत घटा। पिछले साल मार्च में यह 81,687 करोड़ रुपए रहा था। बिजली उत्पादकों तथा डिस्कॉम के बीच बिजली खरीद लेनदेन में पारदर्शिता लाने के लिए प्राप्ति पोर्टल मई, 2018 में शुरू किया गया था।

# खाद्य तेलों से आयात शुल्क घटाएगी सरकार, जल्द होगा फैसला

### जीओएम की प्रस्तावित बैठक में अगले सप्ताह हो सकता है कोई फैसला



**नई दिल्ली(ए)।** उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों पर काबू पाने के लिए गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) की प्रस्तावित बैठक में अगले सप्ताह कोई फैसला हो सकता है। बताया जा रहा है ?कि खाद्य तेलों के आयात शुल्क में कटौती का विकल्प बचा है, जिस पर विचार किया जा सकता है। वैश्विक स्तर पर खाद्य तेलों के मूल्य में तेजी का असर तो घरेलू बाजार पर पड़ा ही है, रबी सीजन में तिलहनी फसलों की पैदावार भी प्रभावित हुई है। इसके साथ ही सरसों तेल में दूसरे खाद्य तेलों की मिलावट की मिली छूट को समाप्त करने से सरसों तेल का मूल्य बहुत बढ़ा है। जून, 2020 में जिस सरसों तेल का मूल्य 120 रुपए किलो था, वही वर्तमान में 170 रुपए प्रति किलो हो गया। सोयातेल का मूल्य 100 से बढ़कर 160 रुपये और पामोलिन ऑयल 85 रुपये से बढ़कर 140 रुपए तक पहुंच गया है। कमोबेश अन्य खाद्य तेलों के मूल्य भी इसी तर्ज पर बढ़ गए हैं।

सेंट्रल ऑर्गनाइजेशन फॉर आयल इंडस्ट्री एंड ट्रेड (कोएट) के मुता?बिक सीमा शुल्क में कटौती की अफवाह भर से बाजार में कीमतें टूटी हैं। मात्र एक दिन में फ्यूचर सौदों में सोयाबीन में सात रुपये और सरसों तेल में पांच से छह रुपये की गिरावट आई है। सरकार की पहल से खाद्य तेलों में 10 फीसद तक की कमी आ सकती है। तथ्य यह है कि वर्ष 1994-95 तक घरेलू खपत का मात्र 10 फीसद खाद्य तेल ही आयात किया जाता था लेकिन अब कुल जरूरतों के लगभग 65 फीसद खाद्य तेलों की भरपाई आयात से हो रही है। भारतीय बाजार में वर्तमान में सालाना 2.5 करोड़ टन खाद्य तेलों की जरूरत होती है, जिसमें से 1.50 करोड़ टन से ज्यादा का आयात करना पड़ता है। देश में 45 लाख टन सोयाबीन तेल, 75 लाख टन पाम ऑयल, 25 लाख टन सूरजमुखी तेल तथा पांच लाख टन अन्य तेलों का आयात किया जाता है।वर्ष 2020-21 में देश में कुल 3.66 करोड़ टन तिलहनी फसलों का उत्पादन हुआ है। इसमें मूंगफली 1.01 करोड़ टन, सोयाबीन 1.34 करोड़ टन और सरसों की हिस्सेदारी लगभग एक करोड़ टन रही है।



## स्कोडा ऑटो का अगले साल 60,000 कारें बेचने का लक्ष्य

**नई दिल्ली(ए)।** चेक कार कंपनी स्कोडा ऑटो का अगले साल के मध्य तक भारतीय बाजार में अपने सबसे ऊंचे बिक्री के आंकड़े पर पहुंचने का लक्ष्य है, जो उसने करीब एक दशक पहले हासिल किया था। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर के बावजूद कंपनी ने नए उत्पादों की पेशकश को जारी रखा है। स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2012 में 34,265 वाहनों की बिक्री का अपना सबसे ऊंचा आंकड़ा हासिल किया था। कंपनी का इरादा अगले साल कम से कम 60,000 इकाइयों की बिक्री का है। इनमें फॉक्सवैगन ग्रुप इंडिया 2.0 परियोजना के तहत बिक्री भी शामिल है। अधिकारी ने बताया कि ऐतिहासिक रूप से हमने भारत में सबसे अधिक 35,000 कारें बेची हैं। अगले साल हम इस आंकड़े को पार कर जाएंगे। संभवत~ अगले साल के मध्य तक। हमारी योजना 60,000 कारों की बिक्री की है। ऐसे में हम निश्चित रूप से बड़ी वद्धि की राह पर हैं। हमारी दीर्घावधि में भारत में सालाना एक लाख कारें बेचने की योजना है।

## नैनो न्यूज

### अभाविप द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा भूमि सुपोषण अभियान



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जिला भिंड के नगर इकाई गोहद ग्रामीण के कार्यकर्ता द्वारा भूमि सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है गोहद ग्रामीण के नगर मंत्री देवेश पचौरी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद् ऐग्री विजन के माध्यम से प्रदेश भर में भूमि सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत परिषद् के कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों और गला मंडी में जाकर जैविक खेती, पशुपालन, मृदा एवं जल संरक्षण, जैविक खाद एवं अन्य कृषि संबंधित चीजों की जानकारी प्रदान की जा रही है प्राचीन काल से ही किसान कृषि को अपनी माता मानता हुआ आया है ??। माता भूमि पुत्रो अहम् पृथव्य। विगत कई सदियों से हम भारतीयों का प्रकृति से बहुत गहरा सम्बन्ध रहा है क्या हमने कभी सोचा कि पृथ्वी हमारी माता है यदि नहीं तो यही वह समय है जब अपने विचारों में आमूल बदलाव की आवश्यकता है अथर्ववेद के भूमि सूक्त में वर्णित इस श्लोक में हम भूमि के पुत्र है भारतीय संस्कृति में इस मान्यता को यथार्थ रूप से वर्णित किया भी है।

### दतिया मध्य प्रदेश के गृह मंत्री ने जिगना को दी 1 करोड़ 69 लाख की लागत की सड़क की सौगात




**संदीप प्रधान उप संपादक।** दतिया मध्यप्रदेष शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी विभाग के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने ग्राम जिगना में 1 करो? 69 लाख की लगत की लागत से निर्मित होने वाली 3.5 किलोमीटर लंबाई की जिगना से निचरौली स?क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस स?क के बन जाने से जिगना की पहचान एक जंगषन के रूप में होगी। उन्होंने कहा कि रो? के बन जाने से जिगना से चारो दिषाओं में आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना। उन्होंने खराब ट्रासफार्मर होने पर तत्काल बदलने के अधिकारियों को निर्देष दिए। उन्होंने इस दौरान हैण?पंपों की घोषणा के संबंध में प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### कोविड वैक्सीन के टीकाकरण के पूर्णतः क्रियान्वयन के लिए रोसड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आहूत की सर्वदलीय बैठक

ए के झा ब्यूरो। समस्तीपुर / Covid वैक्सीन के टीकाकरण अभियान को गति प्रदान करने और पूर्णतः क्रियान्वयन के लिए रोसड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने कार्यकाल में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में सभी दलों के पदाधिकारियों और शहर के गणमान्य व्यक्तियों से अनुरोध किया गया कि टीकाकरण के विषय में आमजनों में फैली भ्रांतियों को दूर करने में आपलोग स्थानीय प्रशासन और बिहार सरकार का सहयोग करें। आपलोग जनता के बीच में जाएं और उनसे संवाद स्थापित कर उनको समझाएं की टीका लगवाने से उनको कोई हानि नहीं होने वाली है। यह उनके स्वयं और समाज के हित के लिये अत्यंत आवश्यक है। इसको नजरअंदाज करके खुद और दूसरे के जान माल से खिलवाड़ नहीं करें। इस बैठक में रोसड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुरंजन कुमार, ज़द यू के अखिलेश सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महंत जयराम दास सहित सभी दलों के पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।



### वृक्षो में होता है देवताओं का वासः मुणोत



मेंसूर। कगलीपुरा धीने पाल्या में स्थित अमृत धारा गौशाला परिसर में समाज सेवी महेंद्र मुणोत के पिता मोतीलाल मुणोत की दशवीं पुण्यतिथि पर विभिन्न किस्मों के पौधे रोपे गए एवं कर्नाटक में चलने वाली 31 गौशाला मे कुल 34 लाख रूपये का चेक गोस्वार्थ के लिए दिए गए इस अवसर पर समाज सेवी मुणोंत ने कहा की वृक्षों मे देवताओं का वास होता है।

# सरपंच और सचिव की मिली भगत से मजदूर, आमजन परेशान



भिण्ड-मेहगांव जनपद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नीमगांव में मजदूरों के साथ धोखाध?ी करने का मामला सामने आया है ग्राम पंचायत में मनरेगा का काम मजदूरों द्वारा होना चाहिए।जबकि पंचायत में मनरेगा का कार्य जेसीबी मशीन से करा रहे हैं। सरपंच,सचिव मजदूरों के नाम पर करते है फर्जीवा?ा। मजदूरों का काम मशीन से करवाकर पैसा निकाल रहे हैं जब इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई तो जिम्मेदार अधिकारी नही देते इस ओर कोई ध्यान । नीमगांव निवासी आकाश शर्मा द्वारा इसकी शिकायत की जा चुकी है फिर भी मेहगांव जनपद के ग्राम पंचायत नीमगांव में मनरेगा का कार्य ध?ल्ले से जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है। जब सरपंच और सचिव से इसकी जानकारी प्राप्त करने के लिए पूछा गया तो उन्होंने कोई भी जानकारी देने से मना कर दिया गया।ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच तो कभी भी फोन भी नहीं उठाता है।सचिव को फोन किया तो वे रिश्वत मांगते है एवं हमेशा शराब के नशे में ड्यूटी पर रहते हैं इसके लिए ग्राम वाशियों ने एक पंचनामा भी तैयार किया है तथा इसकी शिकायत श्री मान जिलाधीश महोदय से करने के लिए आवेदन तैयार कर लिया है।

#### इनका कहना है

जब मैने सचिव को फोन किया तो मुझसे 130000 रु की रिश्वत की मांग की।

**आकाश शर्मा**
**निवासी ग्राम पंचायत नीमगांव।**

### एक शातिर अभियुक्त अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, एटा।** थाना जैथरा अन्तर्गत 18 मईको सतीश पुत्र गंगा सिंह निवासी नगला डाडा थाना जैथरा द्वारा सूचना दी गयी कि उसी के गाँव के कुछ लोगों द्वारा उसके व उसके परिवार के ऊपर ईट पत्थर फैंके हैं व गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नीयत से फायर किये गये हैं। इस सूचना पर मौके पर थाना जैथरा पुलिस पहुंची थी एवं पीआरवी 2764 घटनास्थल पर पहले से ही मौजूद थी पुलिस को देखकर दोनों पक्षों द्वारा पुलिस टीम पर हमला किया गया एवं पीआरवी 2764 की सरकारी गाडी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था इस सम्बन्ध में पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। थाना जैथरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये हमलावरों में से एक अभियुक्त विधाराम पुत्र गैंदालाल निवासी नगला डाडा थाना जैथरा को एक तमंचा, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया।

### संगठन की प्राथमिकता में पत्रकारों की सुरक्षा सर्वोपरिः राठौड़



पाली। सुमेरपुर आई एफ डब्ल्यू जे (इंडियन ?डरेशन वर्किंग जनर्लिस्ट) राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता पत्रकारों के हितों से जु?ी हुई है। जिसके लिए भारतीय सविंधान में उपलब्ध सभी आवश्यक नियम सम्मत कानूनों को लांगू करवाने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रयास करवाएं जा रहे हैं।

राठौड़ रविवार को सुमेरपुर शहर स्थित संगठन कार्यालय में उपखंड के पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। राठौड़ ने कहा कि पत्रकारों को स्थानीय स्तर पर राज्य सरकार की नीति के अनुरूप रियायती दरों पर आवासीय भूखंड मिलने चाहिए।

इसके लिए सरकार की ओर से शहर की विकसित की जाने वाली आवासीय कालोनियों में तीन फीसदी पत्रकार कॉलोनी की जगह आरक्षित भी की गई है। राठौड ने कई अप्रिय प्रसंगों में कवरेज को लेकर पत्रकारों और पुलिस ,प्रशासनिक ओर मौका अधिकारियों में टकराव आदि की घटनाओं को लेकर कहा कि भविष्य में इस सम्बन्ध में घटना के वास्तविक तथ्यों की जानकारी के लिए उपखंड या जिला स्तर पर तीन सदस्य कमेटी जानकारी जुटा कर अग्रिम कार्यवाही के प्रस्ताव रखेंगी।

राठौड़ ने टोल नाको पर पत्रकारों के फ्री पास करवाने के लिए नेशनल पॉलिसी के तहत कार्यवाही करवाने, जल्द ही जोधपुर में राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन करवाने, संगठन के सभी सदस्यों के नवीन कार्ड जारी करवाने, संगठन की विचारधारा आदि पर विस्तार से अवगत करवाया। बैठक के पूर्व राठौड के आगमन पर उनका सभी सदस्यों ने गर्मजोशी के और माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान संगठन के सुमेरपुर उपखंड अध्यक्ष सतपाल मेहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगीलाल मांगलियान , वरिष्ठ पत्रकार राजू चावरिया, मांगीलाल परमार, नरेश मालवीय, तरुण रावल,अरुण बैरवा, महावीर मेवा?ा आदि सदस्य मौजूद रहे।

## दतिया कलेक्टर संजय कुमार भूले गाइडलाइंस उड़ाई सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां

संदीप प्रधान उप संपादक



दतिया / दूसरों को गाइडलाइंस का पालन कराने वाले दतिया कलेक्टर संजय कुमार खुद ही भूल गए सोशल डिस्टेंसिंग उड़ाई धज्जियां दतिया जिले के ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में कलेक्टर ने लगाई चौपाल कौन सी न्याय की बात है पब्लिक करे तो तो चालान और आप करो तो रासलीला वाह रे प्रशासन क्या एक डीएम साहब को ध्यान देना चाहिए था या नहीं क्योंकि एक आप जिम्मेदार व्यक्ति हैं इसलिए आपको ध्यान में रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए चौपाल लगानी थी क्योंकि अब आम जनता सवाल आप से पूछती है सच है मगर कड़वा है ।

## तृणमूल ठेका श्रमिकों द्वारा रक्तदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम

अमन राय




दुर्गापुर। दुर्गापुर के अमराई मो? स्थित तृणमूल पार्टी ऑफिस मे दुर्गापुर स्टील प्लांट ठेका श्रमिक कांग्रेश की ओर से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था. रक्तदान शिविर में पचास श्रमिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया. रक्तदान शिविर मे मुख्य रूप से उपस्थित थी तृणमूल ट्रेड यूनियन की अध्यक्ष डोला सेन ,तृणमूल कांग्रेश जिला अध्यक्ष अपूर्व मुखर्जी, मेयर दिलीप अगस्ती, दुर्गापुर पूर्व के विधायक प्रदीप मजूमदार, जमुरिया के विधायक हरेराम सिंह, पाण्डेश्वर के विधायक नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती के अलावा और भी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. इस मौके पर पार्षद प्रभात चटर्जी ने बताया कि दुर्गापुर स्टील प्लांट ठेका श्रमिक कांग्रेश की ओर से यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था. जहां पचास जन श्रमिक ने रक्तदान किया, उन लोगों का एक ही उद्देश्य है कि दुर्गापुर अनुमंडल अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त की कोई कमी ना हो. उन्होंने बताया कि हमारी नेत्री ममता बनर्जी जिस तरह इस कोरोना काल में लोगों की सेवा कर रही है उनसे हमें अनुप्रेरणा मिल रही है. आज हम लोगों ने रक्तदान के साथ-साथ वृक्षारोपण भी किया. एवं आगे भी सामाजिक कार्य करते रहने का प्रयास रहेगा।

## 30 घंटे से अधिक विद्युत सप्लाई बंद जेई अभी तक नहीं पहुंचे खतौरा

संजीव शर्मा



शिवपुरी जिले के खतौरा कस्बे में शनिवार दोपहर आए तेज आंधी तूफान से लगभग अट्ठारह गांव की विद्युत सप्लाई बंद पड़ी है । खतौरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं विद्युत सप्लाई चालू ना होने के कारण पीने के लिए पानी का संकट और खड़ा हो गया है। ऐसे में कहीं ना कहीं पूर्व जेई नरोत्तम जाटव की कमी खतौरा क्षेत्रवासियों को खल रही है। जो प्रतिदिन खतौरा विद्युत ऑफिस आते थे।

## विकलांग बल मध्यप्रदेश के तत्वाधान में विकलांग बल ग्राम सोईं ब्लॉक की जागरूकता बैठक बढ़ के हनुमान मंदिर पर संपन्न



श्योपुर। विकलांग बल मध्यप्रदेश के तत्वाधान में आज विकलांग बल सोईं कलां ब्लॉक में ब? के हनुमान जी के मंदिर पर जागरूकता बैठक संपन्न हुई जिसमें सोईं ब्लॉक अध्यक्ष घासीराम प्रजापति एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष विष्णु प्रजापति द्वारा आयोजित की गई विकलांगों को जागरूक करने और उन्हें योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं श्योपुर जिला अध्यक्ष विनोद पाठक को आमंत्रित किया गया विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा सभी विकलांग भाई बहनों को अनेक प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जो विकलांग हित में थी और सोईं में सभी विकलांग भाई बहनों को संगठित रहकर कार्य करने के लिए भी बोला गया संगठन में एकता होती है ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से विकलांग भाई बहन विकलांग पेंशन से वंचित है और विकलांग होते हुए भी ना उनका विकलांग प्रमाण पत्र बना हुआ है सोईं में कुछ लोगों के यू डी आई डी कार्ड भी नही बने है प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभी विकलांग भाई बहनों यह आश्वासन दिया है की जिसकी जो भी समस्या है उसे हम शासन प्रशासन को अवगत कराएँगे और जिन विकलांग भाई बहनों के पास विकलांग प्रमाण पत्र नही है वो सभी बुधवार को जिला चिकित्सालय पहुँच कर मेडिकल बोर्ड द्वारा अपना विकलांग प्रमाण पत्र बनवा ले ताकि आप सभी को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके! प्रदेश उपाध्यक्ष पाठक ने ग्राम सोईं के सभी विकलांग भाई बहनों का मनोबल ब?ाया की आप सभी अपने आपको विकलांग ना समझें यदि हम यह सोच लें की हम विकलांग है तो हम ि?न्दगी में कुछ नही कर पाएंगे अपना आत्मविश्वास कभी नही खोना है हम सभी को अपने ह? के लिए हमेशा ल?ना होगा श्योपुर जिले में विकलांग भाई बहनों की संख्या 25 हजार से ऊपर है लेकिन बहुत से विकलांग भाई बहन के पास विकलांग प्रमाण पत्र तक नही है जिससे उन्हें ना योजनाओं का लाभ मिल रहा है ना ही उनकी गिनती 2011 की जनग?ना में है सभी विकलांगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा और श्योपुर जिले के किसी भी विकलांग भाई बहनों को किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो वो मुझसे संपर्क भी कर सकते है।

# दबोह पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरो के हौसले बुलंद,लगातार घट रही वारदातें

### थाना प्रभारी साहू के पदस्थ होने के बाद नगर में बढ़ रहा आपराधिक ग्राफ

दबोह (अर्पित गुप्ता)।




देश भक्ति,जनसेबा का नारा देने बाली पुलिस आज कल रुपया भक्ति रेत सेवा करने में लगी हुई हैं जिसके चलते नगर में कानून व्यवस्था दम तो?ती नजर आ रही हैं दबोह पुलिस की निष्क्रियता के चलते नगर व क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थम नही रहा है।पुलिस चोरी का एक आवेदन लेकर अपने काम की इति श्री कर लेती हैं बीति रात नगर व क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर रूर सरकार पर चोरो ने चोरी को अंजाम दिया और मन्दिर से हनुमान जी का चांदी का मुकुट,छत्र,मन्दिर के तीन घण्टे जिनका बजन करीब एक कुंटल बताया जा रहा के साथ साथ कमरे में रखे राम दरबार के गहने,प्रसाद के लिए रखी किसमिस,मिठाई,अखण्ड ज्योति जलाने के लिए रखा पाँच किलो घी पुजारी के दो जो? कुर्ता-पाजामा और हायरवेस्टर व दो बैटरी सहित दानपत्र भी ले गए।परन्तु मन्दिर का दानपत्र मन्दिर के पास ही एक खेत मे प?ा मिला पुजारी के अनुसार चोर लगभग एक लाख से अधिक रुपयों के सामान पर हाथ साफ कर गए।पुजारी के अनुसार यह घटना रात दो से तीन बजे के बीच की बताई जा रही हैं उस समय मन्दिर पर पुजारी रामेश्वर दादा के अलावा दो अन्य लोग भी लेटे हुए थे चोरो की संख्या आठ दस बताई जा रही हैं जो एक ?ॉर व्हीलर में आये थे।

यहां बता दें कि इसके पूर्व भी चोरो ने दबोह थाने से मात्र 10 कदम की दूरी पर माँ छिन्नमस्ता देवी मंदिर तथा बार्ड न 15 कुरचानियां मोहल्ला में स्थित हनुमान जी के मन्दिरो में भी चोरो का गिरोह चोरी कर दानपत्र ले गए थे दोनों मन्दिरो की दानपत्र मन्दिर से कुछ दूरी पर डले हुए मिले थे तथा बीते रोज चोरो ने गल्ले की दुकानों व किराने की दुकानों को भी अपना निशाना बनाया था पर दबोह पुलिस ने सभी चोरियों के आवेदन तो ले लिए पर आज तक एक भी चोरी का पता नही लगा पाई बस आवेदन लेकर अपनी कार्यवाही की इति श्री कर लेती है।और नगर में हुई दर्जनों चोरियों में से एक भी चोरी का पर्दाफास नही कर पाई है चोरो ने नगर के ऐतिहासिक मन्दिर से चोरी करके दबोह पुलिस को खुली चुनोती दे दी है ।नगर में सक्रिय चोर गिरोह मन्दिरो को ही निशाना बना रहा है और दबोह पुलिस चैन की बंशी बजाते हुए आराम कर रही हैं।यहां बता दे कि दबोह में रात्रि गस्त पूरी तरह बंद है गस्त के नाम पर स?को पर कभी कभी डायल 100 सायरन बजाती नजर आती है सूत्रों की माने तो डायल 100 की यह गा?ी एक आरक्षक समेत चौराहे पर ख?ी हो जाती है और दूसरा कार्यवाहक प्रधान आरक्षक अपनी डिस्कवर बाइक से चारो तरफ सिर्फ अवैध रेत के ट्रेक्टरों को निकालने का काम करता है। फिलहाल तो देखना होगा कि दबोह में कब तक यह चोर सिपाही का खेल चलता है यह समय बतायेगा।

### 15 दिन में रूर सरकार की चोरी का नही हुआ खुलासा तो करेंगे धरना प्रदर्शन-हाकिम चौधरी

ब्लॉक कॉग्रेश कमेटी अध्यक्ष एवं हनुमान मंदिर से आस्था रखने बाले चौधरी हाकिम सिंह ने लगातार क्षेत्र में ब? रही चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय थाना पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा कि नगर में मंदिरों में हुई चोरियो की वारदातो को अभी भुला भी नही पाए थे आज फिर एक ऐतिहासिक रूर सिद्ध मंदिर से लाखों रुपये की चोरी हुई है पहले भी इस मंदिर से दानपत्र चोरी हुआ था और बीते वर्ष एक पुजारी की भी हत्या हुई थी।अगर पुलिस ने 15 दिन के अंदर इस चोरी का खुलासा नही हुआ तो काँग्रेस कमेटी का ब्लॉक अध्यक्ष होने के नाते शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन करूँगा क्यो कि इस मामले में पुलिस प्रशासन दोषी है पुलिस सिर्फ नगर में पैसे कमाने में लगी है रेत,स्मैक,गांजा,पे?ो को कटवाने का कार्य कर रही है पुलिस का भय खत्म होने से चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे है।

### जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी-मनेंद्र सिंह

मन्दिर पर चोरी की घटना होने का बाद मौके पर भिण्ड से डॉग स्क्वाड टीम ने पहुंचकर मौके का मुआयना किया।मनेंद्र सिंह फिंगरप्रिंट स्पेस्लिस्ट ने बताया मंदिर चोरी का मामला है रात में घटना हुई है अभी फिंगरप्रिंट जहां से लिए गए है आरोपी जल्दी ही पक? जायेगे,डॉग स्क्वाड टीम के डॉग्स स्मैल लेकर रोड तक गया था लेकिन बताया जा रहा है आरोपी गा?ी से आये थे जांच की जा रही है जांच के बाद पता चलेगा उसके बाद कार्यवाही की जाएगी।फिलहाल तो थाना दबोह पुलिस ने घटना के बाद धारा 380,457 के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# नैनो न्यूज

## बाजार को रात्रि 8 बजे तक खोला जाये: कैट

**ग्वालियर।** कान्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि आज की जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने सम्बोधित किया था और कैट की ओर से जो सुझाव रखे गये थे उनसे कलेक्टर ग्वालियर एवं सभी सदस्यों की सहमति के आधार पर सांसद विवेक शेजवलकर ने मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया। कैट ने मांग की है कि बाजार को रात्रि 8 बजे तक खोला जाय, जिम को चालू किया जाय, विवाह समारोह को मेरिज गार्डन एवं होटल में चालू किया जाय एवं उसकी संख्या कम से कम 100 रखी जाय, होटल एवं रेस्टोरेंट को रात्रि 10 बजे तक आधी केपेसिटी से चालू करने की अनुमति दी जाय। इसके अतिरिक्त कोचिंग सेंटर और मॉल चालू किये जायें। कैट के सुझावों को जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी ने मानते हुये मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखा है और हमें उम्मीद है कि शीघ्र ही हम प्रतिबंधों से बाहर निकलकर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुये आर्थिक गतिविधियों को चालू करेंगे।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ग्वालियर।** उपनगर ग्वालियर थाने के रानीपुरा में बीती रात एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर थाने के रानीपुरा में रहने वाला नेमी कुशवाह 46 साल इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। बीती रात को बाजार से घर लौटकर आया और अपने कमरे में चला गया कुछ देर बड़ा बेटा पिता को कमरे में देखने के लिए गया। कमरे में छत के कुंदे से पिता को फांसी के फंदे से लटका देखकर उसकी चीख निकल गई औऱ घरवाले दौड़कर कमरे में पहुंचे। आनन-फानन में फांसी का फंदा काटकर नीचे उतारा। इलाज के लिए अस्पताल लेकर दौड़े। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## घर से नगदी गहने सहित चार लाख का माल चोरी

**ग्वालियर।** शातिर चोर ग्वालियर थाना क्षेत्र के राजा मंडी में एक मकान से नगदी गहने सहित चार लाख का माल चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर थाने की राजा मंडी में रहने वाले बलराम बाथम रात अपने कमरे मे सो रहे थे सुबह सोकर उठे तो कमरे का गेट खुला पड़ा था और अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने घर में देखा तो अलवारी से 8 तोला सोना 1 किलो चांदी के गहने 15000 की नकदी गायब थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गए पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## बच्चों को स्टेशनरी का वितरण

**ग्वालियर।** बाल सँस्कार के द्वितीय दिन सेवा प्रकल्प के अंतर्गत भारत विकास परिषद शाखा समर्पण ने बच्चों को स्टेशनरी का वितरण किया गया। प्रान्त की और से श्रीमती रचना गोयल प्रांतीय महिला सहभागिता प्रमुख जी के मुख्य आतिथ्य में व आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय शाखा समर्पण पालक श्री धर्मेन्द्र अग्रवाल सी ए ने की, प्रान्त की और से हमारे शाखा के प्रांतीय सँस्कार प्रमुख संजय धवन उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट समिति की बैठक

# जिला स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट समिति ने आर्थिक गतिविधियों को प्रारंभ करने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के सभी 52 जिलों की क्राइसेस मेनेजमेंट समितियों के सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सभी सदस्यों को कोरोना संक्रमण में सक्रिय रूप से कार्य करने पर बधाई दी। ग्वालियर की जिला क्राइसेस मैनेजमेंट समिति ने आर्थिक गतिविधियों को शुरू करने के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। ग्वालियर के एनआईसी कक्ष में आयोजित क्राइसेस मैनेजमेंट समिति की बैठक क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आर्थिक गतिविधियों को प्रारंभ करने के लिये सांसद शेजवलकर ने मुख्यमंत्री को महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। बैठक में



भाजपा के जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, मदन कुशवाह, ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष कौशल शर्मा, बीएसपी के जिला अध्यक्ष रामवीर, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के मानसेवी सचिव प्रवीण अग्रवाल, कैट के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन सहित प्रशासनिक अधिकारियों में संभागीय आयुक्त आशीष सक्सेना, आईजी अविनाश शर्मा, चंबल आईजी, डीआईजी ग्वालियर राजेश हिंगणकर, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, एडीएम रिंकेश वैश्य, सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने क्राइसेस मैनेजमेंट समिति से चर्चा के उपरांत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जिले की ओर से सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित संख्या और टीकाकरण की पाबंदी के साथ मॉल को भी प्रारंभ किया जाना चाहिए। इसके साथ ही कोचिंग सेंटर, जिम और स्वीमिंग पूल को भी निर्धारित संख्या और सभी सावधानियों के साथ कुछ समय के लिये प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की जाना चाहिए। सांसद शेजवलकर ने कोचिंग सेंटरों को भी निर्धारित संख्या के साथ प्रारंभ करने का सुझाव दिया।

क्राइसेस मैनेजमेंट समिति की ओर से शादी समारोह के लिये भी निर्धारित संख्या में अनुमति प्रदान करने का सुझाव दिया गया। सांसद शेजवलकर ने अन्य व्यवसायिक गतिविधियों को निर्धारित समय के लिये ही प्रारंभ करने की बात कही। शाम के समय बाजारों में भीड बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुए आर्थिक गतिविधियों के लिये निश्चित समय-सीमा तय किए जाने का भी सुझाव दिया।

## दीनदयाल रसोई में रोटी मेकर मशीन से बनेंगी रोटियां

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा रोडवेज बस स्टैंड पर संचालित की जा रही दीनदयाल रसोई अब और हाइजेनिक हो गई है यहां पर रोटियां अब रोटी मेकर मशीन से बनेगी जिससे निराश्रित, कामगार एवं जरूरतमंदों के लिये जल्दी ज्यादा से ज्यादा रोटी बनेगी तथा बिल्कुल हाइजीन तरीके से रोटियां तैयार होंगी। नगर निगम ग्वालियर द्वारा दीनदयाल रसोई में ?450000 की लागत से रोटी मेकर मशीन लगवाई गई है। इसी दीनदयाल रसोई से निगम द्वारा संचालित की जा रही चलित दीनदयाल रसोई के लिए भी भोजन तैयार किया जाता है। नोडल अधिकारी दीनदयाल रसोई श्री रजनीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा एवं अपर आयुक्त श्री राजेश श्रीवास्तव के निर्देश पर दीनदयाल रसोई में भोजन के लिए आने वाले आम जनों को सुविधा के साथ स्वच्छता भी मिले इसी उद्देश्य पर निगम द्वारा दीनदयाल रसोई को निरंतर अच्छे से अच्छा अत्याधुनिक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# गायब चेतक घोड़ा बदमाश के दरवाजे पर बंधा मिला



**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक अनोखा मामला सामने आया है। पुलिस ने 5 दिन पहले गायब हुए चेतक घोड़े को तलाश कर उसके मालिक को सौंपा है। यह घोड़ा ही उसके मालिक की अजीविका का एक मात्र साधन है। उसने हजीरा थाने में आवेदन देकर शिकायत की थी। पर घोड़ा वापस लाना इतना आसान भी नहीं था। पुलिस ने अपने सारे मुखबिर लगा दिए थे। इसके बाद पता लगा कि घोड़ा एक हिस्ट्रीशीटर के दरवाजे पर बंधा है। हिस्ट्रीशीटर इस समय जिलाबदर है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर के घर पहुंचकर घोड़ा बरामद किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई शनिवार दोपहर की है। पुलिस ने युवक को उसका घोड़ा लौटा दिया है।

उपनगर ग्वालियर में बाबा कपूर की दरगाह के पास रहने वाले राजू पुत्र नजीम मोहम्मद के पास एक घोड़ा है। जिसका नाम चेतक है। इस घोड़े की कीमत अभी लगभग 70 हजार रुपए है। इसका उपयोग वह शादी,बारातों में किराए पर चलाने में करता है। इसी से उसका घर चलता है। अभी वैसे ही कोरोना के चलते शादियां कम हो रही हैं। काम धंधा बंद है इसी बीच 7 जून की रात इंटक मैदान से कोई उसका घोड़ा खोलकर ले गया था। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश किया, लेकिन घोड़ा का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद वह हजीरा थाना पहुंचा और आवेदन देकर अपने अपहरण की स्नढ्ढक्र दर्ज करने के लिए कहा। तब पुलिस ने उसे समझाया और विश्वास दिलाया कि वह उसका घोड़ा जरूर ढूंढ़कर देंगे।

## हिस्ट्रीशीटर के साले ने बांधा था घोड़ा, पहचान भी बदली

इस मामले में ञ्ढ्ढ हजीरा आलोक सिंह परिहार ने स्ढ्ढ शैलेन्द्र सिंह चौहान, आरक्षक रूप किशोर शर्मा, आरक्षक भूषण रावत, व नरेश राजावत को दी। उसी दिन से सभी ने छानबीन शुरू कर दी। इंटक मैदान के आसपास ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे खंगाले पर कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच शनिवार को सूचना मिली कि जो घोड़ा गायब हुआ है उससे मिलता जुलता एक घोड़ा बहोड़ापुर थाना की सीमा में लक्ष्मण तलैया निवासी हिस्ट्रीशीटर व जिलाबदर राना गुर्जर के घर के बाहर बंधा है।

इस पर पुलिस ने पड़ताल की और घोड़ा मालिक से पहचान कराई। शनिवार को पुलिस हिस्ट्रीशीटर के घर पहुंची और घोड़ा को मुक्त कराया। घोड़े को जिलाबदर का साला बाबा सरदार लेकर आया था। अभी उसका कहना है कि उसे घूमते मिला था। पर घोड़े की पहचान छुपाने के लिए उस पर मेंहदी भी लगा दी है। जिससे उसका रंग बदल जाए।

# हाईकोर्ट ने एक मां के दर्द को समझकर बेटे को लगाई फटकार, हर्जाने के रूप में अब बेटा 5 हजार रुपए मां को देगा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक युवक ने अपनी ही नानी और मामा पर मां को बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। जब मां कोर्ट में पेश हुई और कहा कि पति और बेटा प्रताड़ित करते हैं और वह अपनी मर्जी से अपने मायके में रह रही है। साथ ही मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही है तो एक मां की दर्दभरी कहानी सुनकर कोर्ट ने बेटे को कड़ी फटकार लगाई है। साथ ही हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए बेटे पर 5 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। यह हर्जाना की राशि अब युवक को 7 दिन के अंदर अपनी मां को देना होगा। साथ ही पुलिस को साफ कहा है कि यह महिला जहां जाना चाहे वहां इन्हें छोड़कर आया जाए। उच्च न्यायालय में ग्वालियर निवासी प्रदीप कुमार द्वारा बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका लगाई गई थी।



याचिका में कहा गया था कि उसकी मां को उसके मायके में बंधक बनाकर रखा गया है, इसलिए उसे मुक्त कराते हुए उसे उसकी मां वापस दिलाई जाए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस याचिकाकर्ता की मां को लेकर शनिवार को कोर्ट में पेश हुई। न्यायालय के पूछने पर महिला ने बताया कि उसने 11 नवंबर 2020 को उसने अपने पति का घर छोड़ा था। घर इसलिए छोड़ा था कि पति का व्यवहार उसके लिए सही नहीं था। अमानवीय बर्ताव के चलते घर छोड़ा था। बेटा भी उसे प्रताड़ित करता था। अब वह अपनी मर्जी से दतिया में अपनी मां के पास रह रही है। वहीं दतिया में मजदूरी कर अपना गुजारा कर रही है। उसे किसी ने बंधक बनाकर नहीं रखा है। हाईकोर्ट में महिला ने यह भी कहा कि पति और बेटे की हद से ज्यादा प्रताड़ना के बाद भी उसने किसी थाने में शिकायत नहीं की। वह चाहती तो मामला दर्ज करा सकती थी। महिला की पूरी कहानी सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि महिला एक समझदार महिला है। उसे आजादी से जीने का पूरा हक है। न्यायालय ने बेटे की याचिका खारिज करते हुए 5 हजार रुपए हर्जाना लगाया है। साथ ही हर्जाने की राशि सात दिवस के अंदर मां को देने के लिए कहा है।

## हॉस्पिटल के हिसाब को लेकर फायरिंग



**ग्वालियर।** ग्वालियर के एक हॉस्पिटल के हिसाब को लेकर संचालक ने मुनीम को धमकाया, फिर छाती पर बंदूक अड़ा दी। इसके बाद भी मुनीम ने हिसाब नहीं दिया तो संचालक ने फायर भी कर दिया। गोली उसके पास से निकली और किस्मत से उसे नहीं लगी। घटना झांसी रोड में इंडस हॉस्पिटल की है। मुनीम की शिकायत पर पुलिस ने हॉस्पिटल के एक पार्टनर पर FIR दर्ज कर ली है। हरिहर नगर बहोड़ापुर निवासी दीपक राठौर पुत्र मलखान सिंह राठौर इन्डस हॉस्पिटल में बतौर मुनीम पदस्थ हैं। यह हॉस्पिटल एजी ऑफिस पुल के पास है। रविवार को हॉस्पिटल के पार्टनर डॉ. जयसिंह राठौर हॉस्पिटल आए और मुनीम से पूरे महीने का हिसाब दिखाने के लिए कहा। दीपक ने एक दिन पहले ही सभी साझेदारों के सामने पूरा रिकॉर्ड पेश किया था। उसने कहा यदि कोई कंफ्यूजन है तो आप दूसरे साझेदार बंटू भदौरिया, रजनीश नीखरा को भी बुला लिजिए, मैं सभी के सामने एक बार फिर हिसाब पेश कर देता हूं। इतना सुनते ही वह भड़क गए और उससे कहा कि तू अभी मुझे जानता नहीं है। इसके बाद मुनीम की छाती पर बंदूक तान दी। इसके बाद भी उसने अकेले में हिसाब नहीं बताया तो डॉ. जयसिंह लाइसेंसी राइफल से फायर कर दिया। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

**कुछ दूरी से निकली गोली:** दीपक ने पुलिस को बताया कि डॉक्टर जय सिंह ने अचानक उस पर गोली चलाई, गोली उससे एक फीट दूर से निकली और उसकी हार्ट बीट एक दम डाउन हो गई और कुछ देर तक तो उसकी समझ में ही नहीं आया कि क्या करना है। इसके बाद अस्पताल के अन्य साझेदारों को सूचना दी और पुलिस के पास पहुंचे।

# दहेज में बुलेट और, 11 लाख रुपए मांग कर शादी तोड़ी

**ग्वालियर।** बाद शादी के पहले लड़के के पिता ने एक मध्यस्थ के हाथ से लड़कीवालों के यहां संदेश भेजा कि उन्हें शादी से पहले 11 लाख रुपए नकद, 3 लाख रुपए का सामान और बुलेट बाइक चाहिए। जब लड़की के पिता ने असमर्थता जताई तो लड़के वालों ने रिश्ता तोड़ दिया।महाराजपुरा थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मुरैना के अम्बाह निवासी राजेश सिंह परमार ने अपनी बेटी का रिश्ता मई 2021 में ग्वालियर के डीडी नगर निवासी राजकुमार सिंह भदौरिया के बेटे विकास से तय किया था। बेटे को उन्होंने बिजली विभाग में बतौर अकाउंटेंट पदस्थ बताया था। रिश्ता तय होने के बाद 18 जुलाई शादी की तारीख भी तय हो गई। उसके बाद विकास के परिवार की ओर से 6 लाख रुपए, एक्टिवा और 2 लाख रुपए का सामान मांगा गया था। राजेश ने भी यह उपहार देने के लिए हां कर दी थी।

1 जून को अनलॉक होने के साथ ही लड़की के पिता डीडी नगर में वह टीका चढ़ाने आए और 2.5 लाख रुपए नकद और सभी को गिफ्ट, कपड़े अन्य सामान दिया।



इसके बाद 5 जून को गोद भराई की रस्म हुई। जो होटल स्वीट्स एंड साल्ट में हुई। उसका भी पूरा खर्च लड़की के परिवार ने ही दिया। इसके बाद 8 जून को लड़के के पिता राजकुमार भदौरिया ने रिश्ता कराने वाले मध्यस्थ धर्मेन्द्र तोमर को भेजा। उनके पास एक लिस्ट थी, जो होने वाले दूल्हे के पिता ने भेजी थी। इसमें दहेज की नई मांग थी। जिसमें 11 लाख रुपए नकद, 3 लाख रुपए का सामान और एक बुलेट की मांग थी। दहेज की नई मांग आने पर लड़के के पिता ने विकास के पिता राजकुमार और मां ऊषा देवी से घर जाकर बात की, पर उनका कहना था कि यह मांग पूरी करनी होगी, नहीं तो रिश्ता नहीं हो सकता। जब परमार परिवार ने मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो लड़के पिता का कहना था कि गरीबों के परिवार में रिश्ता करना ही नहीं था। उन्होंने 1 लाख 9 हजार रुपए वापस कर दिए और रिश्ता तोड़ दिया। जबकि राजेश का कहना था कि उनका हलवाई, गार्डन, बैंड सभी बुक हो चुके हैं। राजेश ने बताया कि उनकी बेटी बहुत शांत स्वभाव की है। उसने मुझसे कहा कि पापा इन लालचियों के घर किसी भी हाल में नहीं भेजना। इसके बाद हमने तय किया कि हम इस रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाएंगे और पुलिस में शिकायत की।

# ग्वालियर में सिंधिया का रास्ता रोकने पर एफआईआर: पुलिस ने एफआईआर में लिखा एनएसयूआई नेताओं ने रूल ऑफ सिक्स नियम तोड़ा

**ग्वालियर।** ग्वालियर पुलिस ने राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया का रास्ता रोक कर उनको बेशरम के फूल और धिक्कार पत्र देने वाले NSUI के नेताओं सहित 11 लोगों पर FIR दर्ज की गई है। FIR में साफ लिखा गया है कि कोविड गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया। हस्ढ्ढ नेताओं ने एक साथ खड़े होकर रूल ऑफ सिक्स (एक स्थान पर 6 से ज्यादा व्यक्ति एक साथ खड़े नहीं हो सकते) नियम का उल्लघंन किया है।

NSUI के नेशनल को-ऑर्डिनेटर सचिन द्विवेदी समेत 11 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, जबकि 2 दिन पहले BJP नेता सिंधिया के मंच पर रूल ऑफ सिक्स, सोशल डिस्टेंस की धज्जियां उड़ी थी, उस पर कोई एक्शन नहीं हुआ है न विपक्ष ने इस मामले में कोई शिकायत की है, न ही पुलिस ने स्वयं संज्ञान लिया है।

## इन पर हुआ मामला दर्ज

सिंधिया का रास्ता रोकने वाले हस्ढ्ढ के नेताओं के खिलाफ किसी ने शिकायत नहीं की है, बल्कि ञ्ढ्ढ गोला का मंदिर थाना विनय शर्मा ने स्वयं मामले को संज्ञान में लिया है। साथ ही FIR में लिखा है कि सिंधिया के गुजरते समय गोला का मंदिर पर प्वाइंट लगाया था। वहां हस्ढ्ढ के नेता सचिन और अन्य ने आकर सिंधिया के वाहन के सामने



नारेबाजी कर हंगामा किया। अभी कोविड के लिए गाइडलाइन जारी है। उन्होंने न तो सोशल डिस्टेंस रखा न ही रूल ऑफ सिक्स नियम का पालन किया। इस



कारण आपदा अधिनियम के तहत NSUI नेता सचिन द्विवेदी, वंश माहेश्वरी, यतेन्द्र दौहरे, सचिन भदौरिया सहित 6 से 7 अन्य पर मामला दर्ज किया गया है।

## सिंधिया के भीड़ जुटाने पर कांग्रेस भी नहीं घेर सकी

दो दिन पहले मोतीमहल में एम्बुलेंस डोनेट कार्यक्रम में मंच पर ही 10 से ज्यादा लोग बैठे थे। बाहर पंडाल में सोशल डिस्टेंसिंग और रूल ऑफ सिक्स की धज्जियां उड़ रहीं थीं लेकिन अभी तक इस मामले में पुलिस ने स्वयं कोई संज्ञान नहीं लिया है। इतना ही नहीं कांग्रेस भी इसको मुद्दा नहीं बना सकी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्वालियर देवेन्द्र शर्मा ने इसे गलत माना, लेकिन अभी तक कहीं शिकायत करेंगे या नहीं इस पर कुछ नहीं बोले हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478